**Seventeenth Loksabha**

an>

Title: Combined discussion on The Budget in respect of the Union Territory of Jammu and Kashmir for 2022-23; Demands for Grants in respect of the Union Territory of Jammu and Kashmir for 2022-23; Supplementary Demands for Grants in respect of the Union Territory of Jammu and Kashmir for the year 2021-22; Supplementary Demands for Grants - Third and Final Batch for 2021-22; and Demands for Excess Grants for 2018-19.

**HON. CHAIRPERSON**: Now, we take up Item Nos. 24 to 28 together.

Motions moved:

"That the respective sums not exceeding the amounts on Revenue Account and Capital Account shown in the third column of the Order Paper be granted to the President of India, out of the Consolidated Fund of Union Territory of Jammu and Kashmir, to defray the charges that will come in course of payment during the year ending on the 31st day of March, 2023, in respect of the heads of Demands entered in the second column thereof against Demand Nos. 1 to 4 and 6 to 36."

"That the respective supplementary sums not exceeding the amounts on Revenue Account and Capital Account shown in the third column of the Order Paper be granted to the President of India, out of the Consolidated Fund of Union Territory of Jammu and Kashmir, to complete the sums necessary to defray the charges that will come in course of payment during the year ending on the 31st day of March, 2022, in respect of the heads of Demands entered in the second column thereof against Demand Nos. 3, 8, 15 to 19, 26, 30, 32 and 36."

"That the respective supplementary sums not exceeding the amounts on Revenue Account and Capital Account shown in the third column of the Order Paper be granted to the President out of the Consolidated Fund of India, to defray the charges that will come in course of payment during the year ending the 31st day of March, 2022 in respect of the heads of Demands entered in the Second column thereof against Demand Nos. 1 to 13, 15, 17 to 27, 29, 31, 33 to 36, 39 to 44, 46, 50 to 54, 56 to 59, 61, 63, 64, 67, 68, 70, 71, 73, 75 to 78, 80, 84 to 94 and 96 to 101."

"That the respective excess sums not exceeding the amounts on Revenue Account and Capital Account shown in the third column of the Order Paper be granted to the President, out of the Consolidated Fund of India, to make good the excess on the respective grants during the year ended on the 31st day of March, 2019, in respect of the heads of Demands entered in the second column thereof against Demand Nos. 20 and 21."

**SHRI N. K. PREMACHANDRAN (KOLLAM):** Sir, I have a Point of Order. My Point of Order is under Rule 216 and also under Article 113 of the Constitution of India.

Sir, just now we have received this much of documents from the Publication Counter. For the time being, it may be applicable only to the Union Territory of Jammu and Kashmir.

**HON. CHAIRPERSON**: You have mentioned Rule 216.

**SHRI N. K. PREMACHANDRAN** : Yes, Rule 216.

**HON. CHAIRPERSON**: But that relates to the scope of debate on supplementary grants.

**SHRI N. K. PREMACHANDRAN** : Yeah. Today morning I have read it and it is already on record. The sum and substance of Rule 216 is that the original Grants shall never be discussed along with the Supplementary Demands for Grants. If you want to discuss, then the hon. Speaker has to suspend it under Rule 388. How can we have the discussion on the original Grants as well as the Supplementary Demands for Grants without suspending Rule 216?

Now, two Supplementary Demands for Grants in respect of Union Territory of Jammu and Kashmir have already been placed before the House and that statement is before the House.

Kindly go through Article 113 of the Constitution also. Article 113 of the Constitution is a constitutional right conferred upon the Members of Parliament and the country as such. Article 113 states that : "Procedure in Parliament with respect to estimates (1) So much of the estimates as relates to expenditure charged upon the Consolidated Fund of India shall not be submitted to the vote of Parliament, but nothing in this clause shall be construed as preventing the discussion in either House of Parliament of any of those estimates …".

Even those estimates, which were not being voted by the Parliament, have to be placed before the House for discussion. It is because the House wants to know what the receipts and estimates are.

I have heard that the BAC has already approved it. My point is that the BAC has no authority to flout the Rules. The Rules are having paramount consideration.

**HON. CHAIRPERSON:** Hon. Member, of course the BAC takes decisions, but the ultimate decision is taken by the Speaker.

**SHRI N. K. PREMACHANDRAN** : No, I am not questioning the decision of the hon. Speaker. If the Speaker took the view, it is fine.

**HON. CHAIRPERSON**: Your point has been taken.

**THE MINISTER OF FINANCE AND MINISTER OF CORPORATE AFFAIRS (SHRIMATI NIRMALA SITHARAMAN):** Sir, in this context, I would want to have one word said if you permit.

**HON. CHAIRPERSON**: Yes.

**SHRIMATI NIRMALA SITHARAMAN** : I am not saying something which was done against the law or Rules of the House, we should repeat it. If it was wrong, it was wrong and it should not be done and I agree to it. But how is it that in 2014 when the Delhi Government's National Capital Territory's Budget was presented and Supplementary Demands for Grants were raised, that day the same thing was allowed? … (*Interruptions*)

**SHRI MANISH TEWARI (ANANDPUR SAHIB):** Do two wrongs make a right?

**SHRIMATI NIRMALA SITHARAMAN** : No, I knew that this will come up and that is why I have said that if wrongs were done earlier, we should not repeat it. But it was not a wrong and that was allowed by the Chair then. It is established and therefore to say that was wrong, but you do not do wrong itself is wrong. … (*Interruptions*) That time the Chair allowed it, and this time also the Chair may kindly allow it is my appeal.

Therefore, to say that was wrong but you don't do wrong, itself is wrong. At that time, the Chair allowed it. This time, I would kindly appeal to the Chair not to allow it. Therefore, to say that is wrong now for a party which was in power and seated here at that time is such a matter of shame. You will do it and the Chair would allow the same at that time whereas it is not right now. How is that, Sir? … (*Interruptions*)

**डॉ. निशिकांत दुबे (गोड्डा) :** सभापति महोदय, मैं सुबह से ओपोजीशन को सुन रहा हूं । ये लोक सभा का रूल क्वोट कर रहे हैं । रूल क्वोट करें, हम सभी लोक सभा के सदस्य हैं, रूल्स से बाइंडेड हैं । भारत का जो संविधान है, यही बाइबल है, यही रामायण है और यही महाभारत है । इसका रूल 357 और आर्टिकल 118 यदि प्रेमचन्द्रन साहब और मनीष तिवारी साहब, जो बहुत अच्छे वकील हैं, यदि इसे पढ़ लें, तो मुझे नहीं लगता कि शायद बहस की कोई गुंजाइश रहेगी ।

रूल 357 कहता है कि यदि लेजिस्लेशन फंक्शनल नहीं है, तो पार्लियामेंट को इसका अधिकार है । संविधान का आर्टिकल-118 यह कहता है कि पार्लियामेंट को इसको जल्दी क्लियर कराने के लिए जो कुछ भी करना पड़े, वह इमीडिएटली करना चाहिए । फाइनेंशियल बिल के लिए पार्लियामेंट एक दम क्लियर है ।

**HON. CHAIRPERSON**: Okay.

… (*Interruptions*)

**SHRI N. K. PREMACHANDRAN** : What is the hurry? I can't understand. Even I have gone through the Demands for Grants…..

**HON. CHAIRPERSON**: Let me give the direction. Let the Chair be allowed to give the direction.

**SHRI N. K. PREMACHANDRAN** : Demand No. 5 is missing. Yes, it is in respect of Ladakh but the House should know. … (*Interruptions*)

**HON. CHAIRPERSON**: While deliberating you can raise.

… (*Interruptions*)

**SHRI N. K. PREMACHANDRAN** : If any Demand is missing, it is to be re-serialised. … (*Interruptions*)

**HON. CHAIRPERSON:** You want to say something.

… (*Interruptions*)

**SHRI HASNAIN MASOODI (ANANTNAG):** You cannot make a departure from the fundamental rules. … (*Interruptions*) You cannot deprive me of my right to articulate my viewpoint on whatever has been presented. I am not being allowed. Just a minute back, this was handed over to me. It is humanly impossible to go through it and to articulate my viewpoint. … (*Interruptions*)

**HON. CHAIRPERSON** : That point has already been noted here. There is a time constraint. … (*Interruptions*)

**SHRI HASNAIN MASOODI**: You cannot make a departure. It is true that the hon. Speaker has the right but this cannot be done. … (*Interruptions*)

**माननीय सभापति :** माननीय सदस्यगण, श्री एन. के. प्रेमचन्द्रन जी ने नियम-216 के अंतर्गत व्यवस्था का प्रश्न उठाया है । माननीय सदस्य का तर्क है कि जम्मू तथा कश्मीर से संबंधित वर्ष 2022-23 की मूल मांगों के साथ वर्ष 2021-22 के अनुपूरक अनुदानों की चर्चा नहीं हो सकती है । इस संबंध में मैं अध्यक्ष महोदय की तरफ से सदन को बताना चाहता हूं कि आगामी वित्तीय वर्ष के लिए अनुदानों की मांगें वित्त वर्ष की शुरूआत के पूर्व ही प्रस्तुत की जाती है और पारित भी होती है । संविधान के अनुच्छेद-115 में प्रावधान है कि यदि सभा द्वारा पारित की गई मूल मांगों द्वारा प्राधिकृत रकम वर्ष के प्रयोजनों के लिए अपर्याप्त पाई जाती हैं अथवा किसी ऐसी नई सेवा पर जिसका अनुदान उस वर्ष के वार्षिक वित्तीय विवरण में नहीं किया जा सकता है, सरकार को पैसा चाहिए तो सरकार ऐसी आवश्यकता हेतु पूववर्ती सत्रों की अनुपूरक मांगें ली जा सकती हैं । जब ऐसी अनुपूरक मांगें किसी सत्र में सदन के सामने लाई जाती हैं, उस स्थिति में नियम-116 यह निषेध करता है कि अनुपूरक अनुदानों पर बोलते समय सदस्य उन मूल मांगों पर चर्चा न करें, जो सभा द्वारा पहले ही सामान्यत: बजट सत्र में पारित की जा चुकी हैं । अत: अनुपूरक मांगों पर बोलते समय सदस्य केवल उन ही मांगों पर बोलें जिनसे अनुपूरक मांग बनी है, सदस्य पहले ही पारित मूल मांगों को चर्चा में लाएं । मद संख्या -25 पर सूचीबद्ध मूल मांगें आगामी वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए रकम का प्रावधान करने के बारे में है, जबकि मद संख्या –26 पर सूचीबद्ध अनुपूरक अनुदान वित्तीय वर्ष 2021-22 से संबंधित है ।

वर्ष 2021-22 की मूल मांगें यह सदन पहले ही 18 मार्च, 2021 को पारित कर चुका है । मद संख्या-25 पर सूचीबद्ध आगामी वित्तीय वर्ष के लिए अनुदानों की मूल मांगों तथा मद संख्या-26 पर सूचीबद्ध अनुपूरक मांगों का परस्पर कोई संबंध नहीं है और इन पर एक साथ चर्चा करने से नियम-216 का उल्लंघन नहीं होता है । अत: मैं व्यवस्था के प्रश्न को खारिज करता हूं । माननीय सदस्य, मैं आपको बताना चाहता हूं कि आपके द्वारा उठाए गए मुद्दे प्रक्रिया से संबंधित नहीं हैं । यह मुद्दा व्यवस्था का प्रश्न नहीं है, माननीय मंत्री जी इस विषय की जांच करवा लें । मिसिंड डिमांड नम्बर-5...... मैं आपको बताना चाहता हूं कि ऐसा पहली बार नहीं है, जब किसी राज्य के बजट पर चर्चा उसके प्रस्तुत किए जाने के दिन ही हो रही हो । पूर्व में भी राज्यों का बजट एक ही दिन में प्रस्तुत किया गया है तथा चर्चा के लिए भी गया है । इसी प्रकार अनुदानों की अनुपूरक मांगें प्रस्तुत किए जाने के दिन ही चर्चा के लिए ली गई हैं ।

श्री मनीष तिवारी जी ।

**SHRI MANISH TEWARI (ANANDPUR SAHIB):** Before I commence the discussion on the Budget on the Demands for Grants for Jammu & Kashmir, may I once against reiterate my objection? Rule 205 of the Rules of Procedure and the Conduct of Business in the Lok Sabha is a fundamental rule. It constitutes what could be called one of the pillars of the basic structure on which this temple of democracy runs. Therefore, it is my contention, I asked for a ruling on it in the morning also, that that cannot be amended or waived using the amending powers or suspension powers of Rule 388. I would in all humility request the Chair for a ruling on this particular point where the word used in Rule 205 is not 'may', it is 'shall'. There are no extraordinary or exceptional circumstances. Why does the debate have to be held on the same day as the Budget documents have been tabled? This, in my respectful submission, sets in an extremely unhealthy precedent and may in future be extrapolated to the situations which are far, far more serious than what we are confronting today. Therefore, I would request that my objection be noted. … (*Interruptions*)

Yadav sahib, I have requested for a ruling. I am not yielding.

**पर्यावरण**, **वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री तथा श्रम और रोजगार मंत्री** (**श्री भूपेन्द्र यादव**): मैं आपको डिस्टर्ब नहीं करना चाहता हूं लेकिन नियम 388 में स्पीकर महोदय को पावर है । उसे अंडरमाइन नहीं करना चाहिए ।

**श्री मनीष तिवारी :** मैं आपको यही कहना चाहता हूं कि कुछ ऐसे रूल्स हैं, जो इस नियमावली के बेसिक स्ट्रक्चर हैं । मैं इसके ऊपर अध्यक्ष महोदय से रूलिंग चाहता हूं कि क्या वह रूल जिसमें शब्द इस्तेमाल किया गया है कि 'the House shall not discuss'. Can those rules be respected? … (*Interruptions*)

**THE MINISTER OF PARLIAMENTARY AFFAIRS, MINISTER OF COAL AND MINISTER OF MINES (SHRI PRALHAD JOSHI):** Why did you do it in 2014? You please explain that also. … (*Interruptions*)

**SHRI MANISH TEWARI :** You should have pointed it out in 2014. You were sitting here. That is not an excuse. Mr. Parliamentary Affairs Minister, you were sitting here on these

benches. If we were doing wrong, why did you not point out at that point in time? Is that a defence? I am sorry, that is not a defence. … (*Interruptions*)

**SHRIMATI NIRMALA SITHARAMAN**: Sir, let me say this. 'You could have pointed out' is a very powerful line to say. But all of us will have to accept the Chair's pronouncements. We followed that in 2014. Forgetting that you raised the question again. The Chair's ruling exists on this even as far back as 2014. This should not have been raised at all. There is a precedent.

**SHRI MANISH TEWARI** : Mr. Chairperson, Sir, I am asking for a ruling. In fact, I did not yield to the hon. Finance Minister. Notwithstanding that, if she wanted to make her point, well, she has that discretion. But I would again like to reiterate before I start this discussion, Mr. Chairperson, that on this particular point with regard to the Budget which is the sacrosanct duty of this House, can a violation of procedure in this manner be done?

My second fundamental objection, Mr. Chair, and I would request you to please do not subtract this from my time, is this. Jammu and Kashmir is not the only Union Territory in this country. जम्मू-कश्मीर कोई अकेला केन्द्र शासित प्रदेश नहीं है । चंडीगढ़ भी है, लक्षद्वीप भी है, दमन और दीव भी है । मैं आपके माध्यम से सत्ता-पक्ष से यह जानना चाहता हूं कि जम्मू-कश्मीर के बजट के ऊपर इस सदन में अलग से चर्चा आखिर कैसे हो रही है और क्यों हो रही है? अगर आप यह परंपरा डालना चाहते हैं कि केन्द्र शासित प्रदेशों के जो बजट हैं, उनकी चर्चा इस सदन में होनी चाहिए, तो फिर सारे केन्द्र शासित प्रदेशों के बजट की चर्चा होनी चाहिए । फिर चंडीगढ़ के बजट की भी चर्चा होनी चाहिए, दमन और दीव के बजट की चर्चा भी होनी चाहिए, फिर लक्षद्वीप के बजट की भी चर्चा होनी चाहिए । केवल जम्मू-कश्मीर के बजट के ऊपर अलग से चर्चा क्यों हो रही है, यह एक व्यवस्था का विषय है और इसके ऊपर मैं यह उम्मीद करूंगा कि चेयर की तरफ से इसके ऊपर कोई न कोई रूलिंग दी जानी चाहिए कि यदि यह परंपरा हम डाल रहे हैं, तो फिर अगली बार हर केन्द्र शासित प्रदेश के बजट की चर्चा इस हाउस में होगी । मुझे उससे कोई आपत्ति नहीं है, बल्कि मैं उसका स्वागत करता हूं । But, there cannot be different strokes for different folks. Rules need to be applied in a uniform manner.

**माननीय सभापति** : मैं एक चीज स्पष्ट करना चाहता हूं । The record should be clear. Suspension of Rule 205 has been agreed to by the House and not only by the Speaker. That was first approved here in the House.

**SHRI MANISH TEWARI** : Mr. Chairperson, Sir, we asked for a division which was not allowed.

**HON. CHAIRPERSON:** It is for the House to take a view whether any Rule is to be suspended or not when any such motion for suspension is brought before the House by hon. Minister or any other Member subject to the permission of hon. Speaker.

As regards the other point which you want a ruling on, I think the matter is clear now. The House functions not only by Rules and Directions, the House functions on precedents also. We have a Rules Committee. If there is some difference during implementation of

certain Rules, the Rules Committee will take cognizance of it. In that respect I believe what is being raised by hon. Member Mr. Tewari can also be deliberated in the Rules Committee. But the final say is of the hon. Speaker and also of the House.

The Budget of a Union Territory, I would just like to mention here, without a legislature is included in Demands for Grants of the Union Ministry of Home Affairs. I think that settles it. Let us start the discussion.

**डॉ. निशिकांत दुबे (गोड्डा):** मनीष जी, वरिष्ठ सदस्य हैं और मैं उनका बहुत आदर करता हूँ । जब वे अपनी सरकार में भी थे तो कई एक बार उन्होंने जो देश के लिए जेनुअन चीज थी, उसे उठाया है, इसलिए मैं उनका आदर करता हूँ । संयोग से हम दोनों साथ ही इस पार्लियामेंट में आए । मैं पहली बार यह देख रहा हूँ और मुझे आश्चर्य हो रहा है कि मनीष तिवारी जी कह रहे हैं, सभी रूल का अंतिम जिस्ट रूल 389 है, जिसके बारे में आपने जिक्र किया कि वह स्पीकर को इस सभा को संचालित करने के लिए सारा अधिकार देता है कि स्पीकर सारे रूल्स को, सारे कानूनों को स्थगित कर सकते हैं और रूल 389 के बाद यदि स्पीकर की रूलिंग आ गई है, तो फिर इसके ऊपर चर्चा को मैं कहीं से भी उचित नहीं समझता हूँ ।

**माननीय सभापति :** ठीक है । धन्यवाद ।

मिस्टर तिवारी, आप बोलिए ।

**श्री मनीष तिवारी :** महोदय, आपका बहुत-बहुत धन्यवाद ।

महोदय, मैं इस चर्चा की शुरूआत इस बात से करना चाहता हूँ कि मुझे 12 बजकर 45 मिनट पर ये बजट के कागज प्राप्त हुए और मुझे नहीं लगता कि अगर आइन्स्टाइन भी चाहते तो वे सवा घंटे में इस बजट के सारे दस्तावेजों को, शायद सात किताबें हैं, उनको अपने संज्ञान में ले पाते और मैं अपने आपको कोई आइन्स्टाइन नहीं मानता हूँ । I would like to plead ignorance that I have not been able to read this Budget. I would like to place it on record that it is humanly impossible to read this Budget और इसलिए, क्योंकि जम्मू-कश्मीर के ऊपर चर्चा है, बजट उसका एक माध्यम है, तो जो जम्मू-कश्मीर को लेकर एक सार्वजनिक जानकारी है, उसकी आर्थिक परिस्थिति को लेकर, उसके बारे में मैं अपना एक वक्तव्य इस सदन के समक्ष रखूँगा ।

मैंने बहुत जल्दी से कोशिश की कि जम्मू-कश्मीर को लेकर जो माननीय वित्त मंत्री जी का बजट भाषण है, उसको पढ़ने की कोशिश करूँ । उनके बजट भाषण के 35वें सफे पर जो पैरा 13.1 है, उसमें वह कहती हैं कि the Budget 2022-23 for Union Territory of Jammu and Kashmir shall focus on good governance, deepening grassroot democracy, accelerated development and inclusive growth, facilitating investment and industrial growth, infrastructural development for improving quality of life and employment, youth initiatives and women empowerment and broadening social inclusion.

महोदय, ये बहुत ही अच्छे अल्फाज हैं और जिसे अंग्रेजी में extremely noble sentiments कहते हैं । जो जमीन की हकीकत है, जो जमीनी परिस्थिति है, वह जमीनी परिस्थिति कुछ अलग है । इस सदन में 6 अगस्त, 2019 को जब यह फैसला हुआ कि धारा 370 को हटाया जाएगा और जम्मू-कश्मीर राज्य जिसकी संरचना वर्ष 1822 से लेकर वर्ष 1846 के बीच में की गई, उसका विभाजन करकर उसको दो केन्द्र शासित

प्रदेश बनाया जाएगा, तो सत्ता पक्ष की तरफ से दो दलीलें रखी गईं । पहली दलील यह रखी गई कि इस प्रक्रिया से जम्मू और कश्मीर का जो भारत के साथ विलय है, वह और सुदृढ़ होगा । The State will be emotionally integrated. इसका दूसरा उद्देश्य यह बताया गया कि इससे जम्मू और कश्मीर में विकास का कार्य और तीव्र गति से होगा । आज 33 महीने हो गए हैं और इन 33 महीनों में क्या ये जो दोनों लक्ष्य हैं, इनको पूरा करने में सरकार सफल हो पाई है? मैं बहुत ही अदब और सत्कार के साथ यह बात कहना चाहता हूँ कि उसका जवाब 'ना 'में है । मैं उसको प्रमाणित करने के लिए इस सदन के समक्ष कुछ आंकड़े रखना चाहता हूँ । आज भी जम्मू-कश्मीर में जो कानून और व्यवस्था की परिस्थिति है, वह चिंताजनक है और जितनी परिस्थिति वर्ष 2019 में संवेदनशील थी, वर्ष 2022 में स्थिति उससे ज्यादा असंवेदनशील है ।

जम्मू-कश्मीर सरहद का राज्य है और जो सरहद पर होता है, उसका असर सीधा-सीधा राज्य की अर्थव्यवस्था के ऊपर, राज्य की सोसाइटी के ऊपर पड़ता है । जम्मू-कश्मीर में वर्ष 2018 से अगर आप आंकड़े उठा कर देखें तो वर्ष 2018 में 2936 सीज़फायर वॉयलेशन हुए थे । वर्ष 2019 में जब धारा 370 को हटाया गया और प्रदेश को केन्द्र शासित प्रदेश बनाया गया तो ये बढ़ कर 3279 हो गए । वर्ष 2020 में यह 5100 हो गए और वर्ष 2021 में इसके बावजूद कि पाकिस्तान के साथ एक सीज़फायर एग्रीमेंट के ऊपर आम सहमति बनी, वर्ष 2021 में भी जो ये सीज़फायर वॉयलेशन थे, ये 664 थे और मैं इसलिए ये आंकड़े सदन के समक्ष रखना जरूरी समझता हूँ, क्योंकि वर्ष 2004, 2005 और 2006, इन तीनों सालों में तो शून्य थे । पर वर्ष 2013 तक ये सीज़फायर वॉयलेशन सौ से कम रहे । ये आंकड़े इसलिए भी महत्वपूर्ण हैं, क्योंकि अप्रैल, 2020 से जो पूर्वी लद्दाख में परिस्थिति है, वह अत्यंत ही संवेदनशील है । चीन की फौज उन इलाकों में घुसी हुई है, जिनको भारत अपनी सरजमीं मानता है ।

वर्ष 2020 से ले कर आज तक जो परिस्थिति है, वह और जटिल हो गई है, क्योंकि यह जो रूस और यूक्रेन का झगड़ा चल रहा है, इमरान खान का इस झगड़े के बीच में मॉस्को जाना, 4 फरवरी को चीन और रूस के बीच जो एग्रीमेंट साइन हुआ है Joint Statement on International Relations Entering a New Era, इससे परिस्थितियां पिछले और तीन सालों में जटिल हुई हैं और उसका सीधा-सीधा प्रभाव भारत के सरहद के सूबों पर पड़ता है और मैं भी एक सरहद के सूबे की यहां पर नुमाइंदगी करता हूँ । इसलिए इस सरकार को बहुत ही गंभीरता से …(व्यवधान)

**गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री** (**श्री नित्यानन्द राय**): सभापति महोदय, माननीय सदस्य जो भी बोल रहे हैं, जम्मू-कश्मीर की व्यवस्था पर, वहां के वॉयलेंस पर, वहां की घटनाओं पर, उस पर उनका जो बयान आ रहा है, वह सही नहीं है, गलत है । …(व्यवधान) दूसरा, इसी सदन को फर्स्ट सिटिंग में अवगत कराया गया है कि वहां की क्या स्थिति है । इस पर विपक्ष का एक प्रश्न भी था । …(व्यवधान)

**श्री मनीष तिवारी :** मंत्री जी, अगर आप मेरे वक्तव्य से इत्तेफाक नहीं रखते हैं तो जब आपको मौका मिलेगा, आप तब उत्तर दीजिए । …(व्यवधान)

**श्री नित्यानन्द राय :** लेकिन बीच में जो गलत आंकड़े दे रहे हैं, सदन में सही आंकड़ों द्वारा अवगत करा दिया गया । …(व्यवधान)

**HON. CHAIRPERSON**: The hon. Member is mentioning about Russia and Ukraine.

**SHRI MANISH TEWARI**: Mr. Chairperson, Sir, I find it incredible that Minister after Minister is standing up and interrupting me. Does a Member not have the right to be able to

articulate what he wants to say in this House? Have they not read Article 105(2) of the Constitution? Are they not aware of the privileges which Members of Parliament have?

I find this to be highly objectionable. You are not even allowing me to say, as a Member of this House, what I have a constitutional right to say.... (*Interruptions*)

**SHRIMATI SUPRIYA SADANAND SULE (BARAMATI):** You should be flattered. All Ministers are replying to you.

**SHRI MANISH TEWARI** : Supriya ji is saying that I should be flattered that all Ministers are replying to me. So, in that spirit I will continue my submission.

**SHRI N. K. PREMACHANDRAN** : This is a privilege, on the part of the Member, that the Ministers are intervening. It is absolutely a credit to you.

**श्री मनीष तिवारी :** सभापति जी, मैं बहुत ही जिम्मेवारी से यह बात कह रहा हूँ कि सरकार को इस पर बहुत गंभीरता से चिंता करनी चाहिए कि वर्ष 2019 में जो कदम उठाए गए, उससे जो भारत की सरहद के ऊपर परिस्थिति है, वह सुदृढ़ हुई, मज़बूत हुई कि उसके ऊपर भारत की जो चिंताएं हैं, वे बढ़ी हैं । यह एक बहुत ही गंभीर संवेदनशील सवाल है । मैं यह उम्मीद करूंगा कि सरकार इसको जरूर अपने संज्ञान में लें ।

सभापति जी, दूसरा सवाल मैं यह उठाना चाहता हूँ कि आज मैं सुबह सरकारी आंकड़े पढ़ रहा था और उस वक्तव्य में यह लिखा था कि जम्मू-कश्मीर के जो 70 प्रतिशत नौजवान हैं, जो आतंकवादी गतिविधियों में शामिल हुए, उनको मार गिराया गया । Seventy per cent of those locals -- who had joined the militancy -- were neutralised. पर, जो चिंता का विषय है, वह यह है कि वर्ष 2019 से, लोकल नौजवानों का इन आतंकवादी गतिविधियों में जो इंवॉल्वमेंट है, क्या वह बढ़ा है? अगर वह बढ़ा है तो यह एक बहुत ही चिंता का विषय है । मैं उम्मीद करूंगा कि सरकार जरूर इसको बहुत ही गंभीरता से अपने संज्ञान में ले ।

सभापति जी, तीसरी चीज मैं कहना चाहता हूं कि इस सदन में 8 अगस्त, 2019 को माननीय प्रधान मंत्री जी ने कहा और 18 अक्टूबर, 2020 को माननीय गृह मंत्री जी ने कहा था कि जम्मू और कश्मीर के स्टेटहुड का जो विषय है, उसके ऊपर जल्द निर्णय होगा, जल्द फैसला होगा । आज हम मार्च, 2022 में हैं, मैं सरकार से यह पूछना चाहता हूं कि जो वक्तव्य माननीय प्रधान मंत्री ने इस सदन में वर्ष 2019 में दिया या उसके बाद कई बार माननीय गृह मंत्री ने दिया, सरकार उसके ऊपर कब अमल करने जा रही है? कब जम्मू-कश्मीर का जो स्टेटहुड है, उसको रिस्टोर करने जा रही है?

सभापति जी, इसके साथ-साथ आजकल जम्मू-कश्मीर में डीलिमिटेशन की प्रक्रिया चल रही है । वहां पर विधान सभा के नए क्षेत्र बनाए जा रहे हैं । जहां तक मेरी जानकारी है, उस प्रक्रिया से, वहां की जो राजनीतिक पार्टियां हैं, वे कुछ ज्यादा खुश नहीं हैं । एक आम बात यह है कि राजनीतिक पार्टियों को उस सारी प्रक्रिया में बहुत एक्टिव्ली इंवॉल्व करने की जरूरत है ।

इसके साथ-साथ कई जिले ऐसे हैं, जिन जिलों में आरक्षण की वजह से कहीं ऐसी कोई परिस्थिति उत्पन्न न हो जाए कि जो लोग आरक्षण से बाहर हैं, वे कम्प्लीट्ली अनरिप्रेजेंटेड रहें । इसके अलावा, एक चीज़ मैं विशेष रूप से कहना चाहूंगा कि इस प्रदेश की संरचना में महाराजा रणजीत सिंह का एक बहुत बड़ा रोल था ।

वर्ष 1822 में उन्होंने राजा गुलाब सिंह जी का राजतिलक किया था, इसलिए वहां पर जो सिख माइनॉरिटीज़ हैं, उन्हें जम्मू-कश्मीर की विधान सभा में प्रावधान देने के लिए, जैसे यहां पर एंग्लो-इंडियन्स को हम रिप्रेजेंटेशन देते थे, क्योंकि अब लेजिस्लेटिव काउंसिल नहीं रही तो वहां पर जो सिख माइनॉरिटीज़ हैं, क्या उन्हें आप वहां की विधान सभा में प्रतिनिधित्व देंगे? क्या आप वहां की कुछ सीट्स को रिज़र्व करेंगे? इन मुद्दों के ऊपर चिंता करने की जरूरत है ।

महोदय, अब मैं वहां की इंडस्ट्री के ऊपर आता हूं । एक बात कही गयी थी कि जब धारा-370 हट जाएगी तो बाहर से बहुत सारे निवेशक आएंगे और जम्मू-कश्मीर में उद्योग लगाएंगे, जिससे वहां के जो नौजवान हैं, उन्हें रोजगार मिलेगा । अब जम्मू-कश्मीर सरकार की तरफ से जो बयान सार्वजनिक हुए हैं, उसके हिसाब से अभी तक 99.9 पर्सेंट, जिन लोगों ने जम्मू-कश्मीर में इंडस्ट्री लगाने की याचिका दी है, वे जम्मू-कश्मीर के मूल निवासी हैं । The moot point is that there is a negligible interest shown by investors outside Jammu and Kashmir for investing in that State. अब आप स्टेट की इंडस्ट्री की हालत देख लीजिए । मैंने ये आँकड़े सदन के समक्ष एक बार पहले भी रखे थे कि कश्मीर में तो इंडस्ट्री नहीं है, पर जम्मू के तीन जिले –जम्मू, साम्बा और कठुआ में जो इंडस्ट्री थी, उसमें से टोटल इंडस्ट्रियल यूनिट्स 12,997 थीं । उनमें से 5,890 यूनिट्स काम कर रही हैं और 7,107 इंडस्ट्रियल यूनिट्स बंद हो चुकी हैं ।

सभापति जी, यह बहुत चिंता की बात है कि अगस्त, 2019 में जब धारा-370 को हटाया गया और जम्मू-कश्मीर को केन्द्र शासित प्रदेश बनाया गया तो पहले चार महीने में ही 'ह्यूमन राइट्स इन जे एण्ड के' नाम से एक संगठन है, उसके हिसाब से बहुत बड़ा माली नुकसान हुआ है ।

अगर आप जम्मू-कश्मीर चैम्बर्स ऑफ कॉमर्स के आँकड़ों को संज्ञान में लें तो पहले 120 दिन में 17,877 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ । इसमें सबसे ज्यादा नुकसान पर्यटन एंड हैंडीक्राफ्ट्स का नुकसान हुआ, जो जम्मू एंड कश्मीर की बेसिक इंडस्ट्रीज़ है । वहाँ टूरिज्म और हैंडीक्राफ्ट्स का सबसे ज्यादा नुकसान हुआ है ।

मैं ये सारी बाते सदन के समक्ष इसलिए रख रहा हूँ, क्योंकि इन पिछले तीन वर्षों में जम्मू-कश्मीर एक बहुत ज्यादा ही कठिन परिस्थिति से गुजरा है, चाहे आप इंटरनेट शटडाउन्स की बात कर लीजिए । 5 अगस्त, 2019 से मार्च 2020 तक 213 दिन इंटरनेट बंद रहा । मार्च 2020 से लेकर मार्च 2022 तक 100 बार इंटरनेट को बंद करना पड़ा । जम्मू-कश्मीर का जो अनएम्प्लाएमेंट रेट था, अगर हम पूरे भारत को संज्ञान में लें तो उस मात्रा में जम्मू-कश्मीर का अनएम्प्लाएमेंट रेट अभी भी बहुत ऊपर है । इसके अलावा, वहाँ स्कूल्स बहुत सारे दिन बंद रहे ।

सभापति जी, मेरे कहने का तात्पर्य यह है कि जिस विचारात्मक उद्देश्य को लेकर यह सरकार अगस्त 2019 में चली थी, आर्टिकल 370 को धराशायी करके, जम्मू-कश्मीर को केन्द्रशासित प्रदेश बनाकर, जम्मू और कश्मीर का विकास और तरक्की, उनके नौजवानों को रोजगार, उनकी जो इंडस्ट्रीज़ हैं, उसकी खुशहाली होगी । क्या उन उद्देश्यों में सरकार सफल हो पाई है? इसका सबसे बड़ा प्रमाण यह है, मैंने जो थोड़े-बहुत आँकड़े देखे हैं, माननीय वित मंत्री जी ने जो बजट प्रस्तुत किया है, उसमें जो प्रशासनिक बजट है, प्रशासनिक बजट में से 73 परसेंट पैसा होम डिपार्टमेंट पर खर्च किया गया । अगर 73 प्रतिशत पैसा आप सुरक्षा पर खर्च कर रहे हैं, लॉ एंड ऑर्डर पर खर्च कर रहे हैं तो यह अपने आप में प्रमाण है कि जो परिस्थितियाँ हैं, वह सुधरी नहीं हैं ।

सभापति जी, मैं आपका बहुत-बहुत धन्यवाद करना चाहता हूँ कि आपने मुझे समय दिया ।

**श्री जुगल किशोर शर्मा (जम्मू):** सभापति जी, आज जम्मू-कश्मीर पर चर्चा हो रही है । इसमें बजट भी शामिल है । मैं वित मंत्री जी के इस प्रस्ताव के साथ सहमत हूँ और इसके पक्ष में खड़ा हूँ ।

महोदय, हम सब जानते हैं कि जम्मू-कश्मीर में धारा 370 के रहते और इसकी आड़ में शक्तियों का दुरुपयोग होता था । नौजवान लोग नौकरी लेने के लिए सत्ताधारी मुखिया के घरों का चक्कर काटते थे, रिश्वतखोरी का धंधा चलता था और लोग दर-बदर होते थे । जहाँ पर विकास के लिए पैसा जाता था, वह विकास के काम पर न लगते हुए, इन्हीं परिवारों के आँगन के विकास में लगता था । अगर कोई प्रोजेक्ट एक बार शुरू हो गया तो वह कई सालों तक खत्म नहीं होता था ।

महोदय, मैं बताना चाहता हूँ कि आज देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र भाई मोदी जी और जम्मू-कश्मीर के उप-राज्यपाल मनोज सिन्हा जी के नेतृत्व में योग्यता के अनुसार रोजगार प्रदान किया जा रहा है । जो पैसा विकास के लिए जाता है, जिस प्रोजेक्ट के लिए जाता है, वह उसी प्रोजेक्ट पर लगता है । जो वर्षों पुराने प्रोजेक्ट्स अधर में लटके हुए थे, वे पूरे हुए हैं और नए-नए प्रोजेक्ट शुरू हुए हैं । इसमें कोई दो राय नहीं है कि विशेष तौर पर जम्मू और कश्मीर में अलग-अलग मापदंड अपनाए जाते थे । जो जम्मू प्रोविन्स है, उसके साथ भेदभाव होता था । कभी कोई बड़ा प्रोजेक्ट हो, तो उसे लेने के लिए जम्मू प्रोविंस के लोगों को धरना, प्रदर्शन, एजिटेशन करना पड़ता था । उसके बाद भी वह मिले न मिले, कोई पक्का नहीं होता था । आज जम्मू-कश्मीर का पूर्ण विकास हो रहा है और सामान्य विकास हो रहा है । बहुत सारे बड़े-बड़े प्रोजेक्ट्स जम्मू-कश्मीर में चल रहे हैं । विशेष तौर पर मैं कहूंगा कि जब से केंद्र में नरेन्द्र भाई मोदी जी की सरकार बनी है, जम्मू-कश्मीर के भाग्य खुल गए हैं और जम्मू-कश्मीर में विकास की गति तेजी के साथ आगे बढ़ रही है । कश्मीर घाटी हो या जम्मू प्रोविंस हो, सामान्य रूप से विकास आगे बढ़ रहा है । नरेन्द्र भाई मोदी जी का नारा, "सबका साथ, सबका विकास "कारगर सिद्ध हो रहा है और चहुंमुखी विकास हो रहा है । मैं थोड़ा सा पीछे जाते हुए आपको बताऊंगा कि जो अधिकार जम्मू-कश्मीर के लोगों को वर्षों तक नहीं मिले थे, वे अधिकार अब जाकर नरेन्द्र भाई मोदी जी के प्रधान मंत्री रहते और केंद्र में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने के बाद उनको मिले हैं । ये अधिकार उन्हें वर्षों पहले मिल जाने चाहिए थे ।

<u>**14.46 hrs**</u> (Shri N.K. Premachandran *in the Chair*)

मैं डीडीसी की बात करूं, डिस्ट्रिक्ट डेवलपमेंट काउंसिल और बीडीसी के जो चुनाव हैं, जम्मू-कश्मीर में लोगों को पहली बार अपने अधिकार मिले हैं और थ्री टियर सिस्टम की स्थापना हुई है । पंचायतों को भी अधिकार मिले हैं । अब पंचायतें मिल-बैठकर अपनी पंचायत का विकास कैसा हो, इस पैसे को किस तरह से लगाया जाए, जैसा वे चाहते हैं, अपने विकास के लिए चर्चा करते हैं और वैसा विकास करते हैं । एक बात जरूर है कि पुरानी सरकारों का दबदबा, परिवारवाद अब खत्म हुआ है और स्वार्थ की राजनीति भी खत्म हुई है । जम्मू-कश्मीर में विशेष तौर पर कोरोना काल में जो सराहनीय कार्य केंद्र सरकार द्वारा किए गए हैं, उनकी मैं सराहना करना चाहता हूं ।

कभी-कभी मैं सोचता हूं कि देश के प्रधान मंत्री नरेन्द्र भाई न होते, तो कोरोना काल में देश के साथ-साथ जम्मू-कश्मीर का क्या हाल होता? लोगों को आज देश में मुफ्त वैक्सीन दी जा रही है । जो गरीब लोग हैं, उन्हें फ्री में राशन भी मुहैया करवाया गया । यह बहुत बड़ा सराहनीय कदम है ।

मैं बड़े-बड़े प्रोजेक्ट्स की चर्चा न करते हुए, सिर्फ इतना बताना चाहता हूं कि जम्मू-कश्मीर में आज एम्स की बात करो, आईआईएम की बात करो, रिंग रोड की बात करो, नेशनल हाईवे की बात करो या जम्मू एयरपोर्ट की बात करो, ये सारे कार्य धारा 370 हटने के बाद शुरू हुए हैं और तेज गति के साथ आगे बढ़ रहे

हैं । अब लोगों को कोई शिकायत नहीं है । विशेष तौर पर जम्मू प्रोविंस के लोग भी खुश हैं कि जैसे कश्मीर घाटी में विकास हो रहा है, वैसे ही जम्मू प्रोविंस में भी विकास हो रहा है । जो पैसा आता है, जिस प्रोजेक्ट के लिए आता है, वह उस प्रोजेक्ट में लगता है । विशेष तौर पर जम्मू का जो एयरपोर्ट था, उसमें हमें बहुत दिक्कतें आती थीं । आज यहां पर नाइट सर्विस भी चालू हो गई है । जम्मू रेलवे स्टेशन के विकास का काम जोरों पर चल रहा है । जम्मू में चारों ओर सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है । वहां नेशनल हाईवेज़ बनाए जा रहे हैं । इसके साथ ही प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना और बहुत सारे प्रोजेक्ट्स चल रहे हैं । वहां रिंग रोड बनने का काम चल रहा है । पुरानी मांगों को लेकर भी बहुत सारे ऐसे कार्य हुए हैं, जिनको मंजूरी मिली है । इसके साथ-साथ, मैं यह भी कहना चाहता हूं कि माननीय उपराज्यपाल मनोज सिन्हा जी के नेतृत्व में जम्मू-कश्मीर विकास की ओर आगे बढ़ रहा है और तेजी के साथ विकास हो रहा है । जम्मू शहर के आसपास और जम्मू शहर को सुंदर बनाने के लिए बहुत सारे सराहनीय कार्य किए जा रहे हैं । इसके लिए फंड्स भी केंद्र सरकार द्वारा उपलब्ध करवाये जा रहे हैं । विशेष तौर पर साबरमती नदी की तर्ज पर जम्मूतवी का विकास हो या रोप-वे प्रोजेक्ट की बात हो, इनके साथ-साथ कई प्रोजेक्ट्स पर यहां काम हो रहा है ।

मैं कहना चाहता हूं कि बीडीसी विलेज डिफेंस कमेटी को विलेज डिफेंस ग्रुप के नाम से जाना जाता है । उनकी बहुत पुरानी मांग को भी पूरा किया गया है । उनको सही मानदेय मिले, उसकी भी चिंता की गई है । इसके अलावा, आईआरपी की बटालियन खड़ी की जाए, उसकी प्रक्रिया भी शुरू हुई है । शहर में बिजली और पानी की व्यवस्था ठीक हो, इसके लिए भी कार्य किए जा रहे हैं । आयुष्मान भारत के माध्यम से या इसके अलावा भी और कार्य किए जा रहे हैं ।

महोदय, इस बजट में कई सारे बड़े प्रावधान रखे गए हैं, मैं उन सभी की चर्चा नहीं करूंगा । लेकिन हेल्थ सेक्टर में यहां 29 कलस्टर मॉडल गांव स्थापित किए जा रहे हैं । वहीं 6 एकलव्य मॉडल बोर्डिंग स्कूल पर काम चल रहा है । यह बड़ी बात है कि जम्मू-कश्मीर में जितने भी विकलांग लोग हैं, उन सभी को तिपहिया साइकिल मुहैया करवाए जाएंगे । इसके साथ ही शहरों के विकास के लिए 3112 करोड़ रुपये रखे गए हैं, यह अच्छी बात है, यह पिछले बजट से भी ज्यादा है । उद्योग को बढ़ावा देने के लिए यहां बात की गई है । इसके अलावा, कई सारे बड़े प्रोजेक्ट्स हैं, जिन पर काम चल रहा है । विशेष तौर पर जल-जीवन मिशन के माध्यम से जल शक्ति मंत्रालय द्वारा बहुत बड़ी राशि जम्मू-कश्मीर को प्रदान की गई है ताकि हर घर जल पहुंचाया जा सके ।

प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से भी काम हो रहा है । लेकिन अब मैं चाहता हूं कि जम्मू-कश्मीर में प्रधानमंत्री आवास योजना प्लस के माध्यम से भी कुछ कार्य किया जाए । इसका कारण यह है कि कुछ लोग छूट गए हैं । मैं चाहता हूं कि उन पर भी गौर किया जाए और जो पोर्टल इस समय बंद है, उसको खोला जाए ताकि प्रधानमंत्री आवास योजना प्लस के माध्यम से वहां के लोग अपना रजिस्ट्रेशन करा सकें ।

माननीय वित्त मंत्री जी यहां बैठे हुए हैं । जम्मू-कश्मीर में बहुत सारे ऐसे नौजवान और कर्मचारी हैं, जो विभिन्न विभागों में अपनी सेवाएं दे रहे हैं । विभिन्न विभागों के कर्मचारी हैं, वे नीड बेसिस पर काम कर रहे हैं, एडहॉक बेसिस पर काम करते हैं । वे रोजाना धरना प्रदर्शन करते हैं, इसका कारण है कि उनको सही मानदेय नहीं मिल पा रहा है । मेरी वित्त मंत्री जी से प्रार्थना है कि यूटी प्रशासन को आर्थिक सहायता दी जाए ताकि जो कर्मचारी हैं, उनको नियमित किया जाए या मिनिमम वेज एक्ट के दायरा में लाया जाए, जिससे वे अपने बच्चों का पालन-पोषण कर सकें । यह समस्या बढ़ी हुई है । उप-राज्यपाल महोदय इस ओर आगे बढ़ रहे हैं । उन्होंने पिछले दिनों 12 हजार कर्मचारियों को नियमित करने की घोषणा की है । यह बहुत ही सराहनीय कार्य है, लेकिन यह क्रम जारी रहे, इसके लिए जम्मू-कश्मीर की मदद करनी होगी ।

मनरेगा के माध्यम से बहुत अच्छे कार्य हो रहे हैं, इसके लिए आपने बजट भी रखा है । वर्ष 2017-18 और वर्ष 2016-17 में कुछ काम ऐसे हुए हैं, किसी वजह से उन लोगों को उसका पैसा नहीं मिला है, जो मिलना चाहिए था । यूटी प्रशासन पर इसकी लायबिलिटी खड़ी हुई है, उनको बकाया राशि दी जाए, जिन्होंने काम किया है ।

मैं वित्त मंत्री जी से प्रार्थना करता हूं कि इसके लिए भी आर्थिक सहायता यूटी प्रशासन को दी जाए । इसके अलावा भी मैं कहना चाहता हूं कि सीआरएफ के माध्यम से बहुत सारे ब्रिज और रोड वहां बन रहे हैं, लेकिन कोरोना महामारी के कारण पैसा थोड़ा कम पड़ गया, कुछ प्रोजेक्ट्स रुक गए हैं, ऐसे कई सारे प्रोजेक्ट्स हैं । हालांकि केन्द्र और यूटी प्रशासन ने कुछ ऐसे प्रावधान किए हैं कि कुछ प्रोजेक्ट्स को किसी और हेड से पैसा दिया जा रहा है । लेकिन बहुत सारे अभी भी ऐसे प्रोजेक्ट्स हैं, जिन पर सीआरएफ के माध्यम से पैसा नहीं गया है ।

मैं प्रार्थना करूंगा कि वह पैसा भी रिलीज किया जाए । मैं मिसाल के तौर पर कहूं तो रोज ही हमारे पास लोग आते हैं, जोडिया-इन्द्रीपटन-टूपरांगल एक बहुत बड़ा ब्रिज है, जिसका बहुत बड़ा लाभ सीमावर्ती क्षेत्र में रहने वाले लोगों को होगा ।

मैं चाहता हूं कि इसके लिए भी पैसा उपलब्ध कराया जाए । ऐसे कई सारे रोड्स और ब्रिज हैं, जहां पर काम रुका हुआ है । इससे लोग बहुत दुखी हैं । मैं जानता हूं कि जम्मू से अखनूर और अखनूर से पुंछ रोड का काम तेज गति से आगे बढ़ रहा है । जो पहले 250 किलोमीटर का फासला था, अब 190-192 किलोमीटर का रह जाएगा । जो सफर सात घंटे का था, तीन या साढ़े तीन घंटे तक सीमित रह जाएगा और सब लोग आराम से जा सकेंगे । मेरी आपसे प्रार्थना है कि जो काम चल रहे हैं, चलते रहें और जल्दी सम्पन्न हों । इसके साथ-साथ जो सारे कार्य रुके पड़े हैं, वे भी जल्दी से आगे बढ़ें ।

महोदय, आईआरपी की कुछ बटालियन खड़ी करने की बात हुई थी । कुछ बच्चों ने इंटरव्यू दिया और कुछ पास भी हुए, लेकिन अभी रिटन होना है । मैं चाहता हूं कि उन बच्चों को रियायत दी जाए जिन्होंने रिटन पास किया है । केंद्र सरकार ने बहुत बड़ा योगदान जम्मू-कश्मीर की सरकार को दिया है कि सीमावर्ती क्षेत्र पर बटालियन खड़ी करने जा रहे हैं । मेरा निवेदन है कि उन बच्चों पर ध्यान दिया जाए, उन्हें मौका दिया जाए और साथ ही नए लोगों को भी मौका दिया जाए । जम्मू-कश्मीर में वीडीसी लोगों के लिए जो किया गया है, उसके लिए मैं आपकी सराहना करता हूं ।

मनीष तिवारी जी कह रहे थे कि सीमा पर हालात ठीक नहीं हैं । मेरा पिछले दिनों सीमावर्ती क्षेत्रों का दौरा हुआ था । मैं पुंछ, राजौरी और नौशेरा सैक्टर में गया और सीमावर्ती क्षेत्र में भी गया । सीमा पर रहने वाले लोग अत्यंत खुश हैं कि सीज़फायर का पूरा पालन हो रहा है और लोग घरबार छोड़ने को मजबूर नहीं हैं । वे खेतीबाड़ी कर रहे हैं, रोजगार चला रहे हैं और अपने घरों में रह रहे हैं ।

अब रही बात डिलिमिटेशन की, यहां डिलिमिटेशन के बारे में कहा गया । वही पार्टियां नाखुश होंगी जिन्होंने शक्तियों का दुरुपयोग किया है । पहले जो भेदभाव होता रहा, वह आज नहीं हो रहा है । सामान्य रूप से जिसका जो हक बनता था, आज डिलिमिटेशन ने उसे वह हक दिया है । जम्मू-कश्मीर के लोग खुश हैं कि पहली बार डिलिमिटेशन द्वारा इंसाफ किया गया है ।

आपने मुझे बोलने का मौका दिया, इसके लिए बहुत-बहुत धन्यवाद ।

**PROF. SOUGATA RAY (DUM DUM):** Sir, I rise to speak on the Budget of Jammu and Kashmir. The expenditure is roughly about Rs.1,12,000 crore of which capital expenditure is Rs.41,000 crore and the revenue expenditure is Rs.71,615 crore. This is a Budget for bureaucratic expenditure. As you know, the expenditure is mainly on Home Department and Police on which Rs.90,588 crore are being spent.

Let me first start by saying that I opposed the abrogation of Article 370 and I am still opposed to it. It was a wrong step for which the country will have to pay in future. I think that apart from fulfilling BJP's agenda, it has no other meaning.

The Finance Minister had mentioned in her speech that the concept of One Nation, One Constitution, One Flag has been adopted. This was the concept of Dr. Shyama Prasad Mukherjee. 'एक निशान, एक विधान' । He was a good man, died unfortunately in Jammu and Kashmir. His slogan is being implemented by his successors, presently, by Shrimati Nirmala Sitharaman.

You have read the Budget. What is the meaning of this Budget being read in Parliament? Why could not the Jammu and Kashmir's elected Finance Minister present this Budget? What is there in this Budget that the elected representatives of Jammu and Kashmir could not speak on? This is deprivation of the rights of people of Jammu and Kashmir to have their own Government. I am totally opposing this undemocratic step.

**<u>15.00 hrs</u>**

Sir, one gentleman called Mr. Kakru has written in *Kashmir Times* about the situation today in Jammu and Kashmir. The per capita income in Jammu and Kashmir is recorded less than average in India; the literacy rate is recorded below the average in India; the unemployment among educated persons is recorded as 22 per cent against the average of 7 per cent in India; the electricity available to public for domestic purposes is dismal. यह मेरा नहीं है । This is written in *Kashmir Times* on 2.3.2022; it is written by a Kashmiri. … (*Interruptions*) आपको तो प्रोफेशनल … *का पोस्ट मिला है । हम लोग ऑफिशियली दे देंगे ।

Sir, I want to ask this. What is the Finance Minister seeking to achieve through this Budget? Now, let me also say that this Budget is basically a revenue budget; only 37 per cent is capital outlay, 63 per cent is revenue expenditure, that is salary expenditure, establishment expenditure, and other similar expenditure. With this, the situation of Jammu and Kashmir will not change.

Sir, please see what the people of Jammu and Kashmir have to say about this? I was just reading some statement. The Jammu and Kashmir Chamber of Commerce said that the Budget has nothing significant for trade and industry; it is a big disappointment for traders and industrialists who are under mounting pressure due to restrictions and continuous setbacks in the last two years due to the pandemic and its related problems.

The Government has announced certain benefits for the overall development of the country. But what is missing in the Budget is a big announcement for marginal traders who were hit by the pandemic and expecting a relief from the Modi Government. … (*Interruptions*)

**डॉ. निशिकांत दुबे (गोड्डा):** सर, बजट तो आज पेश हुआ है ।

**HON. CHAIRPERSON** : No, he is not yielding.

**PROF. SOUGATA RAY** : Sir, one Opposition Party in Jammu and Kashmir has said that this Budget does not address the rising unemployment and unprecedented prices of all essential items of regular use. … (*Interruptions*) Have I said anything wrong?

**HON. CHAIRPERSON**: Saugata Rayji, are you yielding?

**PROF. SOUGATA RAY** : No, I am not yielding. No Sir. Let him speak after me.

**DR. NISHIKANT DUBEY** : Sir, I am on a point of order.

**PROF. SOUGATA RAY** : Sir, he is a professional … *put up by the BJP to disturb anybody who speaks against them. टैगोर की एक पोएम है-

*"Joy Kore Tabu Bhoy Tor Jaay Na"*

**HON. CHAIRPERSON**: Saugata Rayji, his point of order is on Rule 349 (1), which says that any Member shall not read any book, newspaper or letter except in connection with the business of the House. This is absolutely the business of the House.

**डॉ. निशिकांत दुबे :** सर, यह बिजनेस ऑफ द हाउस नहीं है, क्योंकि बजट आज पेश हुआ है । ये बजट को कोट कर रहे हैं कि चैम्बर ऑफ कॉमर्स ने ये कहा, इस पार्टी ने ये कहा, लेकिन बजट तो आज पेश हुआ है । यह न्यूज पेपर में कैसे छप गया? इसका मतलब ये पुराना स्टेटमेंट कोट कर रहे हैं ।

**HON. CHAIRPERSON**: Factually correct or incorrect is not a matter of concern.

**डॉ. निशिकांत दुबे :** सर, यह बिजनेस ऑफ द हाउस नहीं है । आज का बिजनेस ऑफ द हाउस बजट है और बजट आज पेश हुआ है ।

**HON. CHAIRPERSON**: Mr. Nishikant Dubey, what he is reading is with me also. I got this from the Parliament Library.

… (*Interruptions*)

**HON. CHAIRPERSON**: Saugata Rayji, you please continue.

**डॉ. निशिकांत दुबे :** सर, यह गलत है । यह पुराने साल का बजट है । यह लॉस्ट ईयर का है । बजट तो आज पेश हुआ है । वह अखबार में कैसे छप जाएगा? … (व्यवधान)

**HON. CHAIRPERSON**: He is reading about the Budget which has been presented on 1st February in which the allocation for Jammu and Kashmir has been mentioned as Rs. 35,000 crore. The trade and industry people have stated something about that. He is quoting that. What is the point of order in it?

Saugata Rayji, please continue.

**PROF. SOUGATA RAY** : Sir, on any single point of criticism, the BJP is on a roll. They think that any single criticism must be opposed. That is why they receive kudos from Mr. Modi -- "Yeah, Well done, boys." All this is an effort to attract his attention.

**HON. CHAIRPERSON** : Now, please come to the subject.

**PROF. SOUGATA RAY** : About Jammu and Kashmir, let me remind you of Shri Sheikh Abdullah. He formed the Jammu and Kashmir National Conference in 1931. One of the main jobs of Shri Sheikh Abdullah was to lead the movement for land reforms in Jammu and Kashmir. He was such a nationalist that later he converted Jammu and Kashmir Conference to National Conference; and I pay my tributes to Shri Sheikh Abdullah who always remained in the national mainstream. The country did not treat him well but he never deviated from the path of nationalism.

Now, what is the problem from outside? We go as tourists to Jammu and Kashmir; we take a Shikara ride on Dal Lake; we go to Pahalgam; we go to Gulmarg; and we go up the skiing slopes of Gulmarg. But the people of Jammu and Kashmir remain poor. It is because there is not so much scope for employment. Land is limited. Even after land reforms people have not received land. The other thing is handicrafts. That is solely dependent on tourists' inflow to Jammu and Kashmir.

Now, what has the Government successfully done to improve agriculture? Then, comes floriculture, alericulture, pomology, that is, development of food, vegetables and flowers. Now, how much fillip have these things received?

I remember the point Mr. Amit Shah made in this House. The other day, he said: "We will control militancy and we will bring Jammu and Kashmir into the national mainstream."

Sir, I have also got a copy of the speech of the young Minister, Shri Nityanand Rai. He had given me a reply in the month of December by saying: "I mentioned the death of armed police personnel in J&K. On 13.12.2021, a police bus carrying police personnel was attacked by terrorists; 15 police personnel got injured, among them three died." He further said: "On 10th December, some terrorists fired upon a police party, Police Station Bandipora. In this incident, two police personnel received injuries." He again said: "Two terrorists responsible for the incident have been killed." He said that the Government has adopted a policy of zero tolerance.

सभापति महोदय, मैं गवर्नेंस आउटरीच प्रोग्राम के बारे में बताना चाहता हूं, क्योंकि इलेक्शन जीतते हैं, सत्ता में भी आते हैं, लेकिन उसके बाद कुछ लोग लोगों की सेवा करना भूल जाते थे । लेकिन आज प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने जम्मू कश्मीर के लेफ्टिनेंट गवर्नर महोदय की लीडरशिप में आउटरीच प्रोग्राम के माध्यम से 'बैक टू विलेज' का प्रोग्राम चलाया और गांव-गांव, घर-घर जाकर, सीनियर लेवल के ऑफिसर्स ने उनके जो दुख हैं, जो कष्ट हैं, जो तकलीफें हैं, उनको निपटाने का काम किया, उनका समाधान करने का काम किया । 'बैक टू विलेज' प्रोग्राम के तहत पांच लाख से ज्यादा डोमिसाइल सर्टिफिकेट्स गांव-गांव जाकर बांटने का काम किया । डेथ-सर्टिफिकेट और बर्थ-सर्टिफिकेट बनवाने के लिए लोगों को डिस्ट्रिक्ट हेडक्वॉर्टर आने में तकलीफ होती थी । ये डेथ-सर्टिफिकेट और बर्थ-सर्टिफिकेट इन लोगों के घरों तक जाकर बनाने का जो काम किया है, वह 'बैक टू विलेज' प्रोग्राम ने किया है ।

**HON. CHAIRPERSON**: Please conclude.

**श्री जामयांग शेरिंग नामग्याल:** सभापति जी, मैंने अभी तो बोलना शुरू किया है । … (व्यवधान) पूरे जम्मू कश्मीर में 50 हजार से ज्यादा परिवारों को आयुष्मान भारत योजना से जोड़ा गया । पहले कौन यह अनुमान लगा सकता था? पहले अगर आयुष्मान भारत की स्कीम होती, तो जो नेताओं के रिश्तेदार हैं, सिर्फ वे ही इसके ख्वाब देख सकते थे, बाकी लोग नहीं देख सकते थे । आज वे गरीब, वे महिलाएं, जो कभी फील करती थीं कि हमें देखने वाला कौन है, तो आज वे सब भी आयुष्मान भारत के सारे बेनिफिट्स ले रहे हैं । मैं एजुकेशन के क्षेत्र के बारे में बताना चाहता हूं । जम्मू कश्मीर में 50 नए कॉलेजेज़ शुरू किए गए, जिसके परिणामस्वरूप मात्र एक वर्ष में 20 हजार सीट्स की बढ़ोतरी हुई । यह 70 वर्षों में एक साथ होने वाली सबसे बड़ी बढ़ोतरी है । … (व्यवधान)

सभापति जी, पहली से पांचवी कक्षा की पुस्तकों का डोगरी, हिंदी और कश्मीरी भाषा में ट्रांसलेशन किया जा रहा है । न्यू एजुकेशन पॉलिसी के माध्यम से लोकल लैंग्वेज में शिक्षा प्रदान करने की जो योजना बनी, उसके माध्यम से यह सब हो रहा है । जम्मू कश्मीर में छठी से लेकर दसवीं क्लास की इतिहास की पुस्तकों की समीक्षा की जा रही है । यहां एक मेंबर ऑफ पार्लियामेंट कह रहे थे कि 'दि कश्मीर फाइल्स' मूवी पर बैन लगाना चाहिए ।... (व्यवधान)

**HON. CHAIRPERSON**: Please conclude. You make your last point.

**श्री जामयांग शेरिंग नामग्याल :** सभापति जी, ये बता रहे थे कि 'दि कश्मीर फाइल्स' मूवी पर बैन लगाना चाहिए । ... (व्यवधान) हिंदी में एक कहावत है, वह मुझे ठीक से याद नहीं आ रही है ।

**HON. CHAIRPERSON**: You come to the last point.

**श्री जामयांग शेरिंग नामग्याल :** सर, मैं लास्ट पॉइंट पर आ रहा हूं । बिटर ट्रुथ – कड़वे सच को लोगों के सामने लाने का जो काम कर रही है, ऐसी मूवी को बैन नहीं करना चाहिए, पूरे देश में टैक्स फ्री करके दिखाना चाहिए । ... (व्यवधान) पहले जिन्होंने सरकारें चलाईं, 65 वर्षों तक जिन लोगों ने हिन्दुस्तान की युवा पीढ़ी को इतिहास भी गलत तरीके से पढ़ाया, उस इतिहास को करेक्ट करके पढ़ाने का काम मोदी जी की सरकार जम्मू कश्मीर से शुरू कर रही है ।

महोदय, सोशल सिक्योरिटी में बहुत सारे काम हो रहे हैं । पोस्ट मैट्रिक स्कॉलरशिप, प्रीमैट्रिक स्कॉलरशिप ओबीसी, एससी, एसटी छात्रों को मोदी जी देने का काम कर रहे हैं । मेडिकल एजुकेशन द्वारा सोशल सिक्योरिटी दी जा रही है । जम्मू-कश्मीर में दो एम्स बन रहे हैं । सात नए मेडिकल कालेज बन रहे हैं । पांच नर्सिंग कालेज बन रहे हैं । दो कैंसर इंस्टीट्यूट्स खोले जा रहे हैं । क्या मोदी सरकार धारा-370 हटाने तक ही सीमित रही है? मोदी सरकार आगे आकर जम्मू-कश्मीर के लोगों के लिए काम भी कर रही है और यह मैं आंकड़ों के साथ बता रहा हूं । एमबीबीएस सीट्स पांच सौ से बढ़ाकर जम्मू-कश्मीर में ग्यारह सौ कर दी गई हैं । इससे जम्मू-कश्मीर के नौजवानों और विशेष रूप से कश्मीर के नौजवानों के हाथ में इंजेक्शन, लैपटॉप और पेन देने का काम कर रहे हैं ताकि वे पत्थर फेंके नहीं, बल्कि पत्थर छोड़ें ।

महोदय, इंडस्ट्री डेवपलमेंट के लिए इनवेस्टमेंट की बात मैं बताना चाहता हूं । जम्मू-कश्मीर औद्योगिक नीति नोटीफाई की गई है । जम्मू-कश्मीर औद्योगिक भूमि आबंटन नीति मंजूर की गई है और सिंगल विंडो सिस्टम के माध्यम से वहां इनवेस्टमेंट और इंडस्ट्री एस्टेब्लिश करने का काम हुआ, उसके मैं आंकड़े दे रहा हूं । सदन में आंकड़े जानने की बहुत उत्सुकता दिखाई गई है, इसलिए मैं इन आंकड़ों को बताना जरूरी समझता हूं । जम्मू डिविजन में धारा-370 हटने के बाद 990 एप्लीकेशन्स आईं और लोगों ने इच्छा जताई कि जम्मू-कश्मीर में 24772 करोड़ रुपये इनवेस्ट करना चाहते हैं । कश्मीर डिविजन में 3197 एप्लीकेशन्स आईं, जिसमें इच्छा जताई गई कि 20684 करोड़ रुपये वहां इनवेस्ट करना चाहते हैं । पूरे जम्मू-कश्मीर में 4187 एप्लीकेशन्स आईं, जिन्होंने यह कहा कि हम जम्मू-कश्मीर में निवेश करना चाहते हैं और 45411 करोड़ रुपये का वहां इनवेस्टमेंट ला रहे हैं । जो लोग चश्मा माथे पर रखकर नहीं देख सकते हैं, वे चश्मा आंखों पर लगाकर इस डेटा को देखें, तब उन्हें पता चलेगा कि जम्मू-कश्मीर किस तरह से आगे जा रहा है ।

महोदय, इसी तरह टूरिज्म और हाउस बोट्स के बारे में एक मांग सरकार से रखना चाहता हूं । कश्मीर बहुत खूबसूरत है, कश्मीर जन्नत है । कुछ लोगों ने इस राज्य को जहन्नुम बनाने का काम किया । आज मोदी जी फिर से इसे जन्नत बनाने का काम कर रहे हैं । जम्मू-कश्मीर में बहुत सारे बौद्धिस्ट और आर्किलॉजिकल

साइट्स हैं, उन्हें टूरिज्म मैप पर लाने की आवश्यकता है । इतिहास को मिटाने के लिए नहीं, इतिहास को उबारने के लिए सच चाहे जितना भी कड़वा हो, लोगों के सामने सच को लाने की आवश्यकता है ।

महोदय, इन्हीं शब्दों के साथ मैं आपका आभार प्रकट करता हूं और इस बजट का स्वागत करता हूं । माननीय वित्त मंत्री महोदया के प्रति भी बहुत-बहुत आभार व्यक्त करता हूं । जय हिंद, जय भारत ।

**श्री जसबीर सिंह गिल (खडूर साहिब)**: सभापति जी, आज मैं जम्मू-कश्मीर के बजट पर बोलने से पहले कश्मीर की बेटी सादिया तारिक का, जिसने सारे देश का मान बढ़ाया है और वर्ल्ड वुशू चैम्पियनशिप में जिसने गोल्ड मैडल जीता है, उसे मैं आज बधाई देना चाहता हूं । माननीय वित्त मंत्री जी यहां विराजमान हैं । मैं कुछ ऐसी बातें जरूर इनके संज्ञान में लाना चाहता हूं जो काम इस बजट में रह गए या उनके लिए बजट कम है या किसी कारण छूट गए । मंत्री महोदया ने अपने लैवल पर इन्हें बैलेंस करने की काफी कोशिश की होगी क्योंकि जो अच्छे काम हुए हैं, वह सामने वालों ने सभी को बता दिए हैं लेकिन कुछ बातें मैं इनके संज्ञान में लाना चाहता हूं ।

महोदय, मंत्री जी ने अपनी बजट स्पीच में facilitating investment for inclusive growth and accelerating development कहा । मैं बताना चाहता हूं कि बहुत बड़े-बड़े इनवेस्टमेंट के दावे किए गए हैं । मैं इतने केसेज गिनवा सकता हूं कि डेढ़-डेढ़, दो-दो साल हो गए हैं, उन लोगों ने अपनी एप्लीकेशन्स दी हैं, जमीन खरीदी है लेकिन कुछ डीएम या एसडीएम उन लोगों को रजिस्ट्रेशन कम्प्लीट करके नहीं दे रहे हैं । उन लोगों ने सरकार की फीस भी जमा करवा दी है । मैडम, इस संबंध में मैं यह निवेदन करना चाहता हूं कि कृपया आप इसमें दखल दीजिए और अपना ऑफिस यूज कीजिए । उन्होंने मेरे या इन लोगों के आसरे नहीं, बल्कि सरकार के कहने पर इनवेस्टमेंट किए हैं । अगर उन्हें कोई दुख-तकलीफ हो रही है, तो सरकार का यह दायित्व बनता है कि वह इसे दूर करे । कृपा करके आप वहां के ऑफिसर्स से बात करें, उनके एडमिनिस्ट्रेशन से बात करें और लोगों की जो एप्लिकेशन्स रुकी पड़ी हैं, जिनको डेढ़-डेढ़ साल हो गए हैं, कृपया उनको करवाया जाए ।

सभापति महोदय, जो लॉ एंड ऑर्डर सिचुएशन है, उसमें 73 परसेंट के करीब हमने यह बजट लॉ एंड ऑर्डर के लिए रखा हुआ है, लेकिन फिर भी दिन-दहाड़े हमारे स्कूल टीचर्स और पब्लिक को आज मारा जा रहा है । इनकी जानें बचाना और वहां का माहौल ठीक करना भी हमारा फर्ज बनता है । हमें इस ओर ध्यान देना चाहिए । टूरिज्म जम्मू-कश्मीर का मेन पॉइंट है । मैं कई बार संसद में यह विनती कर चुका हूं कि हमें पंजाब, जम्मू-कश्मीर और हिमाचल प्रदेश को एक टूरिस्ट सर्किट में डेवलप करना होगा । मैं इसके बारे में पहले भी सुझाव दे चुका हूं । अगर हम टूरिस्ट सर्किट में इनको डेवलप करते हैं, तो टूरिज्म भी बढ़ेगा और इन तीनों राज्यों को फायदा होगा । इसके साथ ही साथ जॉब्स भी मिलेंगी, ग्रोथ भी होगी और टैक्स प्राप्ति भी बढ़ेगी ।

सभापति महोदय, मैं एक और विनती करना चाहता हूं कि जम्मू-कश्मीर में ऐसे बहुत से स्थान हैं, जिनका धार्मिक तथा ऐतिहासिक रूप से काफी महत्व है । नारानाग शिवजी का एक मंदिर है । यह मंदिर 1200 साल पुराना है । आज इस मंदिर की कोई देखभाल नहीं की जा रही है । दिन-ब-दिन उस मंदिर के हालात बिगड़ते जा रहे हैं । बड़े-बड़े पत्थरों को लोग उठाकर लिए जा रहे हैं । मैं हाल ही में वहां गया था । वहां के लोग मंदिर परिसर में गाय, भैंस और बकरियां चरा रहे थे ।

यह हमारी बहुत बड़ी जायदाद है । हमारी धार्मिक मर्यादा इसके साथ जुड़ी हुई है । ऐसी चीजों को संभालने के लिए आइडेंटिफाई किया जाए और इनके लिए पैसे का प्रावधान करने के साथ ही अच्छा मैनेजमेंट

किया जाए । इनकी केयर करनी ही चाहिए ।

सर, फ्रूट्स, वेजिटेबल्स और स्पाइसेज जम्मू-कश्मीर की पहचान हैं । चाहे केसर हो, सेब हो, सब्जियां हों या कमल ककड़ी हो । कमल के साथ तो आपको प्यार होना ही चाहिए । इन चीजों के एक्सपोर्ट के लिए तथा फूड प्रॉसेसिंग के लिए इस बजट में कुछ नहीं किया गया है । मैं अनुरोध करता हूं कि कृपया इस पर ध्यान दिया जाए ।

Sir, Sikhs are the second largest minority in Jammu and Kashmir. आज से 1 साल पहले तक पंजाबी वहां की ऑफिशियल लैंग्वेज थी, लेकिन मुझे आज अफसोस हो रहा है कि पंजाबी, जो पूरे विश्व में चौथी या पांचवी सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषा है, उसे हटा दिया गया है । यह हमारी मातृभाषा के साथ नाइंसाफी है । कृपा करके इसमें पंजाबी को शामिल किया जाए । जम्मू-कश्मीर अपने लेक्स, अपने दरिया, अपने पहाड़, अपने जंगल, अपने वाइल्ड लाइफ के लिए मशहूर है और हमारा आज का पर्यावरण बद से बदतर होता जा रहा है ।

महोदय, मैं आपके माध्यम से एक निवेदन करना चाहता हूँ कि कृपा करके पर्यावरण के लिए खास ध्यान दिया जाए । इन्हीं बातों के साथ मैं आपको धन्यवाद देते हुए अपनी बात को विराम देता हूँ । धन्यवाद, जय हिन्द ।

**श्री हसनैन मसूदी (अनन्तनाग):** शुक्रिया जनाब । जनाब, यह एक रो में चौथा बजट है, जो जम्मू-कश्मीर की असेम्बली के बजाय पार्लियामेंट में पेश हुआ है । यह खुद में एक सवालिया निशान है, खुद में एक तवज्जो तलब मामला है कि वहाँ करीब 1.5 करोड़ लोगों की आबादी है, वे कैसे 4.5 साल से किसी रिप्रजेंटेशन के बगैर हैं । क्यूँ नहीं वहाँ असेम्बली है? जो असेम्बली खुद यह फैसला करती कि वहाँ की जरूरियात क्या हैं, वहाँ के लोगों की तव्ककात क्या है, आकांक्षा क्या है और क्या एलोकेशंस होनी चाहिए । जरा खुद इस पर ध्यान दीजिए । यह किस वजह से है कि अपनी असेम्बली जम्मू-कश्मीर के 1.5 करोड़ लोगों के लिए नहीं है । इस सबकी, सारी की सारी जिम्मेदारी 5 अगस्त के वे जो गैर आइनी अनकांस्टीट्यूशनल डिसिजंस थे, उन पर है ।

जनाब, 5 अगस्त, 2019 को आइन को दरकिनार करके जम्मू-कश्मीर का जो स्पेशल स्टेट्स था, जो आइनी पोजिशन थी, जिसका वादा कांस्टिट्यूट असेम्बली में किया गया था और जिसका आधा रीपर्कशन 1952 के दिल्ली एग्रीमेंट में किया गया था, उसको बिल्कुल दरकिनार करके उसको वापस लिया गया । उस फैसले के बाद, उतना ही नहीं किया गया, बल्कि गैर आइनी तरीके से दो हिस्से किए गए । आप खुद इसका जवाब दीजिए कि क्या यह पार्लियामेंट का इख्तियार है कि वह किसी स्टेट के दो हिस्से करे? अगर इख्तियार है तो सारे भारत के कीजिए, सब आपके हाथ में आ जाएगा । क्या आइन का आर्टिकल तीन आपको इजाजत देता है कि आप विभाजन करें, फ्रेगमेंट करें । आप किसी यूनियन टेरेटरी का रूतबा बढ़ाकर उसे स्टेट बना सकते हैं, लेकिन आप कहते हैं कि मैं नहीं मानता, मैं नहीं जानता । एक अहंकार की बात है । इतनी ही बात नहीं है, जनाब, हमने आइन का लिहाज रखते हुए, आइन में जो हमें रास्ता दिया गया था, हमें और यहाँ के दानेश्वरों को, सिर्फ हमें नहीं, हमने सुप्रीम कोर्ट का रूख किया और सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि आपकी बात में वजन है । यह एडमिट करके मामला कांस्टिट्यूशन बेंच को भेजा गया । अब देखिए कैसे अनकांस्टिट्यूशनली आइन को फिर एक बार दरकिनार करके उस कानून को अमलाया जा रहा है, जिस कानून को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई । क्या आइन इसकी इजाजत देता है? हरेक कांस्टिट्यूशनल डेमोक्रेसी में यह उसूल है, एक अनरिटेन लॉ है, यहाँ आपमें से कई एक मुझसे इत्तेफाक करेंगे कि अगर कोई मामला जूडिशियल स्क्रूटनी में है तो हमें सुप्रीम कोर्ट का इंतजार करना चाहिए, आइनी बेंच का इंतजार करना चाहिए । वह आइनी बेंच यह

फैसला देती है कि नहीं, यह जो 5-6 अगस्त का विभाजन का फैसला था, धारा 370 वापस लेने का, यह गैर आइनी था, आपने सही नहीं किया तो हम वहाँ से ही शुरुआत करेंगे। अब आप क्या कर रहे हैं, आप सुप्रीम कोर्ट के उस फैसले को प्रीएम्ट कर रहे हैं। यह एक तरीके से अपमान है, यह अदालत की तौहीन है। आप सिर्फ हमसे हुकूक नहीं छीन रहे हैं, बल्कि आप आइन को भी रौंद रहे हैं। आप यही एक कदम नहीं उठा रहे हैं, आप डीलिमिटेशन कर रहे हैं और वह भी एक डिवाइस बना रहे हैं, फर्दर कश्मीर को डिसएम्पॉवर करने का, जम्मू-कश्मीर के लोगों को डिसएम्पॉवर करने का। क्या कहीं यह सुना गया है कि एक डीलिमिटेशन पर तजवीज हो, एक रीजन का हिस्सा दूसरे रीजन के साथ मिलाया जाए?

साउथ कश्मीर को पुंछ के साथ मिलाया जाए। अब चलिए वह अलग बात है, वह तो एक तजवीज है, जिस पर बहस होनी है और मुझे उम्मीद है कि वे खुद ही, क्योंकि उनके जो सर्वरा हैं, वे खुद ही इस बात का जायजा लेंगे कि क्या उनके लिए मुनासिब है कि वे कोई अपनी राय दें, जब तक कि सुप्रीम कोर्ट में मामला है।

आप एक कॉन्स्टीट्यूशनली सस्पेक्ट लॉ को इम्प्लिमेंट कर रहे हैं। आज जो बजट की बात है, आपने रूल 205 को सस्पेंड किया। रूल 205 का तकाजा यह है कि जिस दिन आप बजट पेश करेंगे, उसी दिन बजट पर बहस नहीं होगी, बल्कि मैम्बरान को यह मौका दिया जाएगा कि वह बजट के जो भी कागजात हैं, जो मशमुलात है, जो अनेक्जर्स हैं, उनको देख लें और फिर अपनी राय बनाएं। उसमें दो दिन, चार दिन या पाँच दिन का हमेशा समय दिया जाता है। रूल 205 का यह तकाज़ा है। आज आप यहां पर एक रिजॉल्यूशन लाएं कि हम रूल 205 को सस्पेंड कर रहे हैं। हमें दो बजे ये सारे कागजात थमाए गए और कहा कि बहस कीजिए तो क्या यही एक आईन, जो जम्हूरियत है, उसमें यही कुछ होता है। हमें प्रेक्टिकली डिप्राइव किया गया। सारे मैम्बरान को डिप्राइव किया गया, जैसे मनीष तिवारी ने कहा और उनके बाद जो दूसरे मैम्बरान हैं, उन्होंने कहा। हमें इस हक से डिप्राइव किया गया और महरूम किया गया। मुमकिन हो कि इस बजट के पहलू बड़े अच्छे हों, हम उसकी सराहना करें, लेकिन हमें उससे भी महरूम किया गया। हमें मौका ही नहीं दिया गया कि जो भी ऐस्टिमेट हैं, जो भी अनेक्जर्स हैं, इन अनेक्जर्स का जो भी एलोकेशन है, उनका मुलाहिज़ा करके हम अपने पॉइंट बनाते।

5 अगस्त के फैसलों को मार्किट किया गया और कहा गया कि धारा 370, 35ए बाधा है। जो सेपरेटिज्म है, वह इसी से पनपती है, इसी से जो लॉ एंड ऑर्डर की सिचुएशन है, वह पनपती है। 5 अगस्त, 2019 के बाद आज तक के जो आंकड़े हैं, आप जरा उस पर नजर दौड़ाइये। जनाब, कोई 500 के करीब एनकाउंटर्स हो गए। अभी इस साल के शुरुआत में, अभी इन दो महीनों में कोई 10-12 के करीब एनकाउंटर्स हुए। आप देखिए कि 500 के करीब अमवात हो गई। अभी भी सैकड़ों लोग जेलों में बंद हैं। हमारे नौजवान अम्बेडकर नगर जेल में बंद है, आगरा में बंद है, तिहाड़ में बंद है, क्या आप इसी को नॉर्मलसी कहते हैं? आपने फेक नॉर्मलसी इवेंट्स की आड़ में जो नेरेटिव बनाया हुआ है, जमीनी सतह पर उसकी कोई बुनियाद ही नहीं है। इसी हफ्ते तीन सरपंच मारे गए। यह ताज्जूब की बात है और कहा यह जा रहा है कि कुलगाम के सरपंच को हमने श्रीनगर में एक कमरा दिया था। यह वहां क्यों नहीं बैठा? अरे, सरपंच किसी गांव का था, उस गांव में उसको लोगों की सेवा करनी थी और वहां से उसे उठा कर आपने कहा कि श्रीनगर में सेफ जोन देंगे। ये बातें मुल्क से नहीं कही जा रही है। जो विलेज हैड था, जो पंचायत का सरबराह था, आप देखिए कि इसी हफ्ते कितनी अमवात हो गई, कितनी सिक्योरिटी फोर्सेस की जानें चली गईं? जान जो भी चली जाए, जहां भी इंसानी जान तलफ हो, वह तो दु:ख है। वह चाहे सिक्योरिटी फोर्स का जवान हो या कोई और नौजवान हो, लेकिन क्या यह थम रहा है? आपने मुल्क को भरोसा दिया, लेकिन आपने जम्मू कश्मीर को और परेशानी की तरफ डाल दिया।

जुल्म व सितम का जो आखिरी हरबा होता है, वह यह है कि 500 के करीब जो जवान इन दो सालों में मारे गए, उन 500 के करीब जवानों को आपने अपने गाँव में दफन नहीं होने दिया। जो एक आईनी हक है, जो अपनी जान गंवाता है, उसका यह हक है कि उसको अपने इलाके में दफनाया जाए, ताकि उसकी बहन, उसका भाई, उसका वालदेन उसका मुल्क उसका चेहरा देखें। आपने वह भी डिनाई किया। उसके बावजूद भी मिलिटेंसी की रैंक में कोई कमी नहीं आ रही है। जो डेथ्स हैं, आज बच्चा भी आपको वह कहानी सुनाएगा, जो मौके की कहानी है। जो नॉर्मलसी की बात कर रहे हैं, ये बिल्कुल हकीकत से दूर है।

जनाब, अब जो बजट की बात आई, आप नॉर्मलसी के जो दावे कर रहे हैं, आप कह रहे हैं कि तरक्की की राह पर है। आज भी 20 परसेंट के करीब जो अनएम्प्लॉयमेंट है, मजदूरों के साथ, मुलाज़िमीन के साथ, जो सरकार का व्यवहार है, वह अलग ही दास्तान है।

जम्मू-कश्मीर में सीमेंट की एक ही फैक्ट्री है, जो वर्ष 2019 में बंद हुई। आज भी उसके मुलाज़िमीन को तनख्वाह से महरूम किया गया है। हमारे करीब 61 हज़ार डेलीवेजर्स, कैजुअल वर्कर्स सड़कों पर बैठे हैं। उनके रेग्युलराइज़ेशन का कोई एहतराम नहीं किया जा रहा है। आज भी जब ये खुशहाल कश्मीर का नेरेटिव बना रहे हैं तो आज भी मिनिम वेजिस डिनाई किए जा रहे हैं, एनिमनल हस्बेंड्री हो, एग्रीकल्चर हो, फॉरेस्ट हो, वाइल्ड लाइफ हो, उनके हज़ारों मुलाज़िमों को डिनाई किया जा रहा है। इस हाउस को किसी ने यह नहीं कहा कि अभी चंद हफ्ते पहले आर्मी के हवाले सिविल इंस्टिट्यूशंस करने पड़े, क्योंकि वहां का जो भी वर्क फोर्स था, वह सारा हड़ताल पर था। तो जनाब यह जो आपकी वसादत से मुल्क को कहना है कि यह जो नेरेटिव है कि सब कुछ ठीक है, यह सारा नेरेटिव ठीक नहीं है। अब इसी बजट को देखें कि जैसे कहा गया 73 पर्सेंट के करीब इसमें होम पर ही खर्चा हो रहा है। Nearly, 73 per cent of the Budget is being eaten up by the Home Department on security purposes. आप खुद देख लीजिए। अब जल-जीवन मिशन की बात करते हैं, 30 पर्सेंट से कम आबादी को नल से जल की सुविधा है या सेफ ड्रिंकिंग वॉटर की सुविधा 20 पर्सेंट के करीब है। मैं पहले मिनिस्टर साहब की नोटिस में भी लाया हूँ कि कोई वारवुड वायर से बिजली चल रही है, नॉर्मल इलैक्ट्रिसिटी की ट्रांसमिशन नहीं है। जो रूरल डेवल्पमेंट की बात हो रही है तो कम्युनिटी इनफॉर्मेशन सेंटर्स के जो मुलाज़िमीन हैं, वे दस साल से अपने वेतन का, अपनी वेजिस का, अपनी रिप्रेजेंटेशन का इंतजार कर रहे हैं। यही हाल हर जगह का है। इस पसमंजर में जो आप यह बात कर रहे हैं कि हमने हरेक अचीवमेंट की है। आप कह रहे हैं कि करीब 300 मेंबरान वहां चले गए। आप मुझे बताइए कि जिन फैसिलिटीज़ का फाइनेंस मिनिस्टर या बाकी मिनिस्टर साहिबान ने यूज़ किया, वे कब बनी थी? हमारे जितेन्द्र सिंह जी खुद एहतराम करेंगे कि जिस कनवेंशन सेंटर का अपने इस्तेमाल किया, वहां बैठ कर आपने मीटिंग्स की या पहलगाम में गए या गुलमर्ग में गए या जहां आप रहे, वे जगहें कब बनी थीं, ज़रा खुद से पूछिए। जिस गोल्फ कोर्स में आप गए, गोल्फ खेलने के लिए या सैर करने के लिए गए, वह कब बना था? जम्मू-कश्मीर पहला स्टेट था, जिसने राइट टू हैप्पी चाइल्डहुड रिकॉग्नाइज़ किया।

राइट टू एजुकेशन रिक्गनाइज़ किया। जो सारे कवानीन यहां पर प्रोग्रेसिव थे, लेबर लॉज़ थे, बाकी लॉज़ थे, वे सबसे जम्मू-कश्मीर में थे, उसके बाद दूसरी जगहा हुए। आप खुद देख लीजिए, खुद एडमिनिस्टर कीजिए। अगर डेवल्पमेंट ही सब कुछ है तो आप क्यों जाते हैं, होम मिनिस्टर क्यों जाते हैं मणिपुर में लोगों को वहां बधाई देने के लिए उपहार के तौर पर प्रधान मंत्री जी ने आपको इंडियन एयरलाइन परमिट दे दिया। अगर उसकी जरूरत नहीं थी तो ये सारी चीज़ें जो आप जम्मू कश्मीर को डिनाई कर रहे हैं, एस्पिरेशंस डिनाई कर रहे हैं, उनकी डिमांड्स डिनाई कर रहे हैं तो नॉर्थ-ईस्ट में कैसे आप दे रहे हैं। जनाब, बात यह है कि नॉर्मल्सी का यह नेरेटिव बिल्कुल गलत है। मैं बार-बार देख रहा हूं कि जितेन्द्र सिंह जी यहां पर बार-बार पर्सेंटेज की बात करते हैं। जो इलैक्शन में खड़े हो गए, यह उनकी ताकत है और जो बैठे हैं, वे किनके साथ

हैं? वे भी उन्हीं के साथ हैं, लेकिन वे आते नहीं हैं, यह वे खुद जानते हैं । आपने भी इलैक्शन लड़े, तीन पर्सेंट वोट ही बीजेपी को डीडीसीए में आए । … (व्यवधान)

बात यह है कि यह सारा नेरेटिव है, यह मुल्क को धोखा देने के लिए बात कही जा रही है, यह बुना जा रहा है, हकीकत में कोई चीज़ नहीं है । अब नेशनल हाइवे की बात लीजिए । डॉक्टर साहब जानते हैं कि इन्ही तीन महीनों में तकरीबन डेढ़ महीने नेशनल हाइवे बंद रहा । जम्मू-कश्मीर नेशनल हाइवे, एनएच-44 बंद रहा, क्योंकि यातायात नहीं रहा । जनाब, बात यह है कि यह नॉर्मल्सी पहले की नहीं है । जो एस्प्रेशंस हैं, आप उनको एड्रेस कीजिए । हम देश का हिस्सा हैं, देश से बाहर नहीं हैं ।

दूसरी बात यह है कि महताब जी कहने लगे कि यह तो पहले होना चाहिए था । वे जानते नहीं हैं । उन्हें इतिहास मालूम नहीं है । वहां की जो कंस्टीट्यूएन्ट असेम्बली बनी, जो कंस्टीट्यूशन बना, वह यहां की कंस्टीट्यूएन्ट असेम्बली की देन थी, 'दिल्ली एग्रीमेंट' की देन थी । मोरारजी भाई ने और सारे देश ने उस वक्त के जो जम्मू-कश्मीर के चीफ मिनिस्टर थे, उन्हें बधाई दी कि आपने आईन बनाया । वहां जो 'निशान' दिया गया, वह 'निशान' कंस्टीट्यूएन्ट असेम्बली ने दिया, 'दिल्ली एग्रीमेंट' के तहत पार्लियामेंट ने दिया । यह इतिहास है । इससे मुँह न मोड़िए । आप एस्पिरेशन्स की रेस्पेक्ट कीजिए ।

दूसरी बात यह है कि जो बजट की बात आई है तो मैंने कहा कि वक्त नहीं दिया गया कि हम इसका पूरा विश्लेषण करते । मुमकिन है कि कई एक गोशे बजट की हैं, जिनकी हम सराहना करते हैं, जैसे एग्रीकल्चर में आपने 310 करोड़ रुपये का इज़ाफा किया है । यह बहुत अच्छी बात है । एनिमल हस्बैंडरी, फिशरीज में और एलोकेशन होनी चाहिए थी ।

हेल्थ और वेलनेस की जो बात है तो इस वक्त सारे कश्मीर में सिर्फ एक 'पेट स्कैन' है । मेरा यह मुतालिबा होगा कि आप साउथ कश्मीर के लिए, जहां करीब 25 लाख लोग रह रहे हैं, वहां पर दयालगाम में 500 बेड्स का एक स्पेशल हॉस्पीटल बनाने की तजवीज़ है ।

सर, मैं कैसे कन्क्लूड कर लूं । यह तो जम्मू-कश्मीर का ही बिल है । मैंने रिक्वेस्ट की है कि साउथ कश्मीर में एम.आर.आई. की सुविधा नहीं है ।

आप हर जगह क्लास शुरू कर रहे हैं । हमारे अवन्तिपुरा में जो एम्स है, वहां भी एम.बी.बी.एस. की क्लासेज शुरू कीजिए । साथ ही, वहां इस्लामिक यूनिवर्सिटी है । उससे हमारी शुरुआत हो सकती है । आप कहने को कहते हैं कि सब तालीम आम है । आपने यूनिवर्सिटी का साउथ कैम्पस बना दिया । वहां सिर्फ नौ सब्जेक्ट्स पढ़ाए जाते हैं । उनकी 16 फैकल्टीज़ हैं । कहने को तो वह यूनिवर्सिटी बन गई है ।

इसी तरह, टूरिज्म और कल्चर के बारे में मेरी यह गुजारिश है कि टूरिज्म तो हमारी बैकबोन है और टूरिज्म में 604 करोड़ रुपये हैं । मुझे लगता है कि इसमें और इज़ाफा करने की जरूरत है ।

एग्रीकल्चर में, जैसा कि जसबीर सिंह जी ने कहा कि हमारी कॉमर्शियल पॉलिसी पर हमें तवज्जो देने की जरूरत होगी और उसकी तरफ आपकी तवज्जो भी होनी चाहिए । जैसा मैंने कहा कि एजुकेशन में यूनिवर्सिटीज को मुस्तहकम करने की जरूरत है । एक लॉ यूनिवर्सिटी की तजवीज़ थी, वह भी अभी नहीं हुई ।

हाउसिंग में यह क्यों इम्प्लीमेंट नहीं होता है? 48,000 मकान बनाने थे, जिसमें से सिर्फ 13,000 बने । प्राइम मिनिस्टर आवास योजना अर्बन और रूरल है, दोनों में हम पीछे जा रहे हैं ।

सोशल सिक्योरिटी में कम एलोकेशन है । ट्राइबल वेलफेयर में भी नहीं है । आपने ट्राइबल माइग्रेटरी पॉपुलेशन के लिए सीजनल स्कूल्स बनाए, लेकिन वहां के जो टीचर्स हैं, उनको आप छः महीने के लिए डिस्बैंड करते हैं ।

एनवॉयरनमेंट की बात की गई । जम्मू-कश्मीर एक टूरिस्ट डेस्टिनेशन है । हमारा एक एयरपोर्ट पहले ही है । अवन्तिपुरा का एयरपोर्ट सिविल एविएशन डिपार्टमेंट को ट्रांसफर हुआ है या ट्रांसफर होने की पोजीशन में है । आप वहां पर परवाजें शुरू कीजिए । श्रीनगर में इस वक्त करीब 41 परवाजें आती हैं और वहां पर उन्हें हैंडल करने के लिए इंफ्रास्ट्रक्चर नहीं है । इसकी जरूरत है ।

ट्राइबल वेलफेयर में इन टीचर्स को परमानेंट बनाइए और इन्हें स्कूल सिस्टम के साथ इंटिग्रेट कीजिए ।

जहां तक फॉरेस्ट एण्ड एनवॉयरनमेंट की बात है तो यह सबसे ज्यादा तक़ाजा करता है कि आपकी तवज्जो उस तरफ हो । हमारे यहां करीब 7-8 सीमेंट फैक्ट्रीज़ हैं, जिनके एमिशंस 'एमिशन लेवल' से बहुत ऊपर हैं । उससे दाचीगाम में क्या इम्पैक्ट हो रहा है? वहां पर ऑडिट करने की जरूरत है और एनवॉयरनमेंट को और मुस्तहकम करने के लिए और इंतेजामात किए जाएं । हमारे 73 पर्सेंट के करीब का बजट हमारा जो होम डिपार्टमेंट है, वह ईट-अप करता है । 8,000 करोड़ रुपये आप श्रीनगर की सड़कों पर काम रखने के लिए लगाते हैं, इन पर देश का हक है ।

देश में जो हेल्थ केयर वाले, एजुकेशन वाले एलिजिबल हैं, उनका हक है । आप इसे कम करके सोशल सेक्टर में इंवेस्ट कीजिए । इसी तरह, पावर में आपने 2,457 करोड़ रुपये रखा है । इसमें भी बढ़ोतरी होनी चाहिए । ट्राइबल वेलफेयर और सोशल सिक्योरिटी में भी बढ़ोतरी होनी चाहिए । खासकर, आप एक विशेष प्रोग्राम बनाइए, एक विशेष अभियान चलाइए । 61 हजार कैजुअल वर्कर्स और डेली वेजर्स की हमारी सबसे बड़ी परेशानी है ।

**HON. CHAIRPERSON**: Masoodi ji, please conclude now.

**श्री हसनैन मसूदी:** सर, मैंने आपसे कहा कि पावर डेवलपमेंट डिपार्टमेंट में जिन डेली वेजर्स का काम सस्पेंड किया, इसके बारे में डॉक्टर साहब जानते होंगे । उन बिजली स्टेशंस को फौज को देने पड़े । फौज ने एक हफ्ते के लिए बिजली चलायी । इसकी तरफ तवज्जो देनी चाहिए । इसके लिए हमें उम्मीदें हैं । हमने इस बजट को पूरी तरह से पढ़ा नहीं है । उसको आप स्पीड अप कीजिएगा ।

**HON. CHAIRPERSON**: Please conclude.

**श्री हसनैन मसूदी :** सर, अब डिलिमिटेशन की बात देखिए । डॉक्टर साहब ने कहा कि उसका जिक्र नहीं कीजिए, क्योंकि कमर्शियल इदारा है । मैं कहता हूँ कि फंडामेंट्ल प्रिंसिपल यह है कि जो भी चीज सुप्रीम कोर्ट में है, उसको अमल में मत लाइए । आप सुप्रीम कोर्ट का अपमान कर रहे हैं, तौहीन कर रहे हैं । यह जरूरी नहीं है कि सुप्रीम कोर्ट कोई स्टे दे दे । सुप्रीम कोर्ट ने एक ऑब्जर्वेशन की कि हम अनडू करने में पावरलेस नहीं हैं । उसका मतलब था कि आपके लिए एक मैसेज था कि आप ऐसी कोई चीज नहीं कीजिए, जो हमें अनडू करना पड़े । उसकी तरफ भी तवज्जो दे दीजिए । देखिए, पॉपुलेशन की चार प्रिंसिपल्स थे । एक कंस्टिटुअन्सी की तजवीज़ दो लाख की है और एक कंस्टिटुअन्सी की तजवीज़ 51 हजार की है । Contiguity, compactness, connectivity and convenience, ये चार मूल मंत्र हैं । उसकी तरफ तवज्जो देने की जरुरत है ।

**DR. JITENDRA SINGH**: There are bodies like Delimitation Commission. … (*Interruptions*)

**HON. CHAIRPERSON**: All the hon. Members are supposed to speak on the Budget, but everybody is going beyond the Budget including the hon. Ministers.

**श्री हसनैन मसूदी:** डॉक्टर साहब, जो मूल मंत्र है, जो कोर कमर्शियल वैल्यू है, वह यह है कि सुप्रीम कोर्ट में कोई मामला चल रहा है, जुडिशियल स्क्रूटनी में कोई कानून है, आप उसको इम्प्लीमेंट नहीं कीजिए । More so, when the Supreme Court has made an observation that it is not without power. ये सेक्टर्स हैं, जिन पर आपके द्वारा तवज्जो देने की जरुरत है । इसमें बहुत सारे मामले हैं । आपका जो बजट है, उसके बहुत सारे हिस्से सराहना के काबिल है, जिनमें आपने अच्छे एलोकेशंस किए हैं, लेकिन आपके हाथ बंधे हुए हैं । आपका सारा पैसा होम खा रहा है । जैसा कि आपके 8000 करोड़ रुपये होम में जा रहा है । इन मामलों की तरफ तवज्जो दे दीजिएगा ।

**HON. CHAIRPERSON**: Masoodi ji, please conclude now. I am going to call the next hon. Member to speak.

**श्री हसनैन मसूदी:** सर, हमें दो मिनट का समय दे दीजिए, क्योंकि हम जम्मू-कश्मीर से हैं । देखिए, आपने इंटरवेंशन पर दो घंटे दे दिया । … (व्यवधान)

**HON. CHAIRPERSON**: You have got enough time.

**श्री हसनैन मसूदी :** मैडम, खासकर टूरिज्म की बात करना चाहूँगा । टूरिज्म में हमारे दो मैटर्स हैं । हमने सुना है कि पाँच लाख रुपये दिए जा रहे हैं ।… (व्यवधान) एक तो हमारी एकॉमडेशन ही नहीं है, न ही पहलगाम में है और न ही गुलमर्ग में है ।… (व्यवधान) देखिए, वहाँ एक मोनोपॉली हो गई है । उस मोनोपॉली को खत्म करने के लिए आपको टूरिज्म में कैपिटल एक्सपेंडिचर की जरुरत है । लेकिन, उतनी कैपिटल एक्सपेंडिचर नहीं हो रही है, जितनी होनी चाहिए ।

देखिए, एक तरफ आप खुद ही कह रहे हैं कि इस साल रिकॉर्ड टूरिस्ट्स आए हैं । लेकिन, उनके लिए इंफ्रास्ट्रक्चर भी चाहिए । उस इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत कर दीजिए । टूरिज्म डिपार्टमेंट में भी डेली वेजर्स और कैजुअल वर्कर्स का मामला है । यह हर जगह फैला हुआ है । इन सब की तरफ तवज्जोह देने की जरुरत है ।… (व्यवधान)

**HON. CHAIRPERSON**: Please conclude within half a minute.

**श्री हसनैन मसूदी:** सर, हम कह रहे हैं कि सब कुछ महान है । इस वक्त 30 हजार के करीब जो मुलाज़मीन हैं, उनको मिनिमम वेजेज से कम मिल रहा है । चाहे वह हॉस्पिटल डेवलपमेंट फंड में हो, चाहे कॉलेज डेवलपमेंट में हो, चाहे एग्रीकल्चर एंड एनिमल हस्बैन्ड्री हो, वहाँ 3000 रुपये से कम मिल रहा है । जो मिनिमम वेज है, अगर हमने कानून बनाया है तो उस पर अमल क्यों नहीं किया जा रहा है?

**HON. CHAIRPERSON**: Please come to the final point.

**श्री हसनैन मसूदी:** अगर यू.टी. का बजट यहाँ पेश हो रहा है तो जाहिर-सी बात है कि सारी बातें हम यहीं कहें । अगर बजट वहाँ की असेम्बली में पेश होता तो सारी बातों पर बहस वहीं होती । यह एक डिसकनेक्ट है । जो जमीनी सुरतेहाल है, आप एक और बात देखिए, हमारे जो डिसएबल्ड हैं, स्पेसियली हमारे ऐसे जो लोग हैं,

उनको सारे देश में 5000 रुपये की डिसएबिलिटी पेंशन मिल रही है, लेकिन वहाँ सिर्फ एक हजार रुपये मिल रहा है । यह कैसा खुशहाल कश्मीर है, कैसा नया कश्मीर है? यहाँ दिल्ली में डिसएबिलिटी के लिए 5000 रुपये मिल रहे हैं । इस वक्त वे धरने पर बैठे हैं और हम कह रहे हैं कि हमारी वेल्फेयर स्टेट है और यह नया कश्मीर है । इस वक्त वे जम्मू में 10 दिन से धरने पर बैठे हैं । डॉक्टर साहब उन धरनों की तरफ नहीं देखते हैं । उनको आप एक लेवल प्ले फील्ड पर लाइए । उनके लिए आप ऐसी व्यवस्था कीजिए ताकि उनको वही मिले, जो दिल्ली में मिल रहा है । उनको मिनिमम वेजेज़ वही मिले जो दिल्ली या बाकी जगहों पर मिल रही है । मेरी गुजारिश है कि इन सारी चीजों की तरफ ध्यान देना चाहिए । बहुत सारी चीजें ऐसी हैं, जिनका जिक्र जरूरी है । आपने जो बढ़ोत्तरी की है, वह एग्रीकल्चर में की है, जलशक्ति में सबसे ज्यादा बढ़ोत्तरी आपने की है, कोई छः हजार करोड़ रुपये की बढ़ोत्तरी की है । हाउसिंग और अर्बन डेवलपमेंट में भी अच्छी बढ़ोत्तरी की है, लेकिन जो बाकी सैक्टर्स हैं, जो सोशल सैक्टर है, जो ट्राइबल वेलफेयर है, एग्रीकल्चर है, इनकी तरफ तवज्जो देने की जरूरत है, ताकि ये भी इस दौड़ में शामिल हो जाएं ।

वहां पर, खासकर सबसे ज्यादा परेशानी हेल्थकेयर की है । हेल्थ केयर में मैन पॉवर की कमी है । कई एक जगह पर हमारे इक्विपमेंट्स लगे हुए हैं । हेल्थ मिनिस्टर साहब ने एक स्टेटमेंट दिया है । यह बड़ा अलार्मिंग है कि कैंसर की वजह से मोर्टेलिटी रेट सबसे ज्यादा है । हमें डायग्नोस्टिक मजबूत करना होगा । साउथ कश्मीर में जैसा मैंने कहा कि वहां पर एक प्रपोजल है । स्किम्स में, नामग्याल साहब अभी उधर से बोल रहे थे कि वहां के जो पेशेंट्स हैं, वे भी इसी पर डिपेंड करते हैं । जम्मू से पेशेंट्स आते हैं, वे भी स्किम्स पर डिपेंड करते हैं । वहां के लिए एक खास एलोकेशन होना चाहिए ।

एग्रीकल्चर में आप देखिए । आप सेफ्रॉन की बात करते हैं । हमारे यहां सिर्फ 10 पर्सेंट प्रोडक्शन होती है । आपने वहां स्प्रिंकलर इरीगेशन का प्लान बनाया है, लेकिन उसका कोई आर्डर नहीं हुआ और वह हो नहीं रहा है । उसके जो केयरटेकर्स हैं, उनको तीन-तीन साल से तनख्वाहें नहीं मिल रही हैं । आपने वहां वेल्स तो बनाये, वहां केयरटेकर्स अपाइंट किए, उन्हें जमीन डोनेट की, लेकिन उनको कुछ नहीं मिल रहा है । इसी तरह से ट्यूबवेल्स के लिए जमीन डोनेट की गई । उन्होंने इस प्रॉमिस पर डोनेट किया कि उन्हें नौकरी दी जाएगी, लेकिन हुआ कुछ भी नहीं ।

आज तक वे इंतजार कर रहे हैं । आप यह सारा जो नार्मल्सी का नैरेटिव बना रहे हैं, यह सारा फेक है, जमीन पर यह नहीं है । आप यहां पर कितने भी एलोकेशंस दें, लेकिन जमीन पर यह होता नहीं है । जमीन पर इसका अमलाया नहीं होता । हमने जिन भी बातों की तरफ आपका ध्यान दिलाया, आप उनकी तरफ तवज्जो देंगे । डॉक्टर साहब एस्पिरेशंस एड्रेस करने में अपना रोल अदा करें । इनको खुशी है कि हमारे और भी लोग आ गए, ठीक बात है, लेकिन एस्पिरेशंस एड्रेस करना फंडामेंटल है ।

There can be no trade-off between aspirations and development. Aspirations have their own importance and they need to be addressed. ये विभाजन की और बातें न कहें । पीर पंजाल को मिलाइए, पुंछ को मिलाइए, श्रीनगर के साथ, अनंतनाग को मिलाइए उसके साथ, ऐसे आपरेशंस डॉक्टर साहब न करें । बहुत-बहुत शुक्रिया ।

**SHRI E.T. MOHAMMED BASHEER (PONNANI):** Sir, additional allocation in the way of Supplementary Demands for Grants is okay. In the case of Jammu & Kashmir also it is the

same. But the peculiar situation prevailing in Jammu & Kashmir calls for a critical analysis in this august House.

While we are discussing this issue, everybody is asking the same question as to when statehood would be restored to Jammu & Kashmir. Hon. Home Minister said, "I have given assurance in the Parliament that once the situation becomes normal in Jammu and Kashmir, statehood will be given back". Sir, they themselves admit that normalcy is not prevailing there. When we hear certain speeches from that side saying that everything is calm and quiet there, etc., what does that show? It shows that an abnormal situation is continuing there. How can it be corrected? The abnormal situation was created by the Government at the time of abrogation of Article 370 of the Constitution.

I need not say about the need of an elected Government. It is like a bridge between the people and the Government. You have really spoiled that. Still, what is the position? I was thinking about the sad plight of these people. Kashmir still carries those sorrows and agonies. On 5th August, 2019, what have you stated? You said, "This is to curb terrorism. This is for development of Jammu and Kashmir in a comprehensive manner, for enabling Kashmiri Pandits who wanted to come back to the Valley and involving Jammu and Kashmir people to get due share of the Central Government's schemes which the other States are getting." What is the balance sheet of these three years? Everybody knows that the day-to-day life of the people of Kashmir has remained in grief. The same story of blood and tears still remains, whether it is before abrogation of Article 370 or after that. You can see all these things in papers, reports, etc.

Have you ever seen in the history that three former Chief Ministers were under house arrest for months together? Is it not a shame for a country done by a Government with an ulterior motive? It is to be condemned. That is the thing which I would like to say first. What is the Government doing? Their number one enemy is press. They are muzzling the press. It is not only in Kashmir; it is everywhere. Media, an independent body, made a fact-finding report.

That report says that they were forced to evict from the places where they were staying. Even advertisement was denied to the press. Those who say truth were harassed like anything. These kinds of things are going on. Many cases have been filed against journalists. How many journalists are now facing the trial? That kind of thing is going on there. Accreditation of the press also has been cancelled without any reason. My intention is not to question the Government or to blame the Government. But you must think about this. In a democracy like ours – we claim that ours is the biggest democracy in the world – these kinds of things are going on in Kashmir. Internet was suspended for months together. Communication was cut off. Press is muzzled like anything. This kind of a thing

should not be allowed to continue. That is why I am saying that this abnormal situation was created by the Government.

We can very well understand what the strategy of the Government is. When you are distributing wealth of the nation, are you doing it in a judicious manner? That also is not there. You are doing these kinds of things, what is called, according to your will and pleasure. That is going on.

Regarding RTI, what is happening? The Right to Information Act was brought by the UPA Government at that time. That was the most effective tool to ensure transparency in seeing the kind of things. But what is happening? If an ordinary man in Kashmir asks for a reply from a department, they are denying it. That is cut off for them. That is the situation.

Coming to federalism, what is happening? Federalism is a sanctity. It is very much in the Constitution which refers to relationship between the Central Government and the State Governments. Instead of decentralising the power, you are grabbing powers from the States. You are doing it that way. So, what I am saying is that it is an attack on the fundamental principle of the Constitution.

Towards the end, I would like to say only one thing. Government may have an agenda. Your Government may also have an agenda. I am not opposing that. But we have to be very careful about one thing, that is recasting the population equation. If a Government wants to recast it with an ulterior motive, with a bad intention, I warn the Government whether it is in J&K or in Lakshadweep, it is a bad practice. I would humbly request the Government to put an end to these kinds of things. With these few words, I conclude. Thank you very much.

**ADV. A.M. ARIFF (ALAPPUZHA):** Thank you, Sir. I stand here to participate in the discussion on behalf of the CPI(M) Party.

If you follow the speeches of the Treasury Benches, you will find that every State is being forced to demand for the President's Rule. If the States could get more funds from the Centre in this way, every State would like the President's Rule to be imposed on it. The whole discussion points towards this situation.

While participating in the discussion, the hon. Minister, Dr. Jitendra Singh ji spoke widely about the voting percentage in the elections of the local bodies of Jammu and Kashmir before abrogation of Article 370. When the Standing Committee on Housing and Urban Development visited Kashmir, local body representatives were present there, and we asked them about the voting percentage in the local body elections. They said that it is less than 20 per cent. It shows that the same situation is continuing even after two-and-a-

half years of the abrogation of Article 370. So, there is nothing to feel proud about the percentage of vote in the local body elections.

We have no doubt that Kashmir is an integral part of our country. But we must understand that the founding leaders of Independent India placed Kashmir as a crown on the head of our country. That crown was given a special status in the form of Article 370. The Government has destroyed everything against the will of the Kashmiri people and against the values of the Constitution.

This august House has been forced to spare time to discuss the budgetary provisions for Jammu and Kashmir due to the crookedness shown by this Government in withdrawing the constitutionally mandated special status and converting it into a Union Territory in 2019. I wish to reiterate that it is a shame that this Government forced this august House to take over the powers of the Legislative Assembly of Jammu and Kashmir by misinterpreting the constitutional provisions in blatant violation of all democratic principles and precedence.

What purpose has the Government achieved by withdrawing the special status and converting it into two Union Territories other than breaching the trust of the people? What have we seen today?

The Government is again violating the rules of procedures and precedence, as pointed out in the morning by Shri Manish Tewari and Shri N.K. Premachandran, by forcing this House to discuss a Budget on the same day of its presentation.

Sir, this Government is again and again making a mockery of this House by imposing autocracy and by labelling it as democracy. For the past two-and-a-half years the Government has been saying that the statehood would be restored at an appropriate time, and when normalcy is back. But, even the Government itself has no definition for these words.

No one knows what does it mean by normalcy and when that auspicious time will arrive. By delaying the restoration of statehood, this Government is betraying the people of Jammu and Kashmir and is acting against their wishes and aspirations. The Government is proud of the present situation in Kashmir only because it has succeeded in preventing the Media to bring out the truth.

I also wish to remind the Government the long history of our country; how the people of this country have defeated such heinous attempts to divide this country on previous occasions. Under the British regime we saw the 'divide and rule' at its peak but the gains of that never lasted long. Brave people of the country rose and fought back to gain our Independence. In 1970, the Congress met the same fate when it tried to impose draconian

policies in the name of national emergency. I may remind you, that fate is waiting for you too. With these words, I conclude. Thank you.

**SHRI B. B. PATIL (ZAHIRABAD):** Thank you, hon. Chairperson, Sir.

During the past two years, the Union Territory of Jammu and Kashmir has been marching on the path of development as a result of the Government's initiatives, which included, various developmental schemes executed under the Prime Minister's Development Package focussing on individual beneficiaries and reviving long-pending projects lying dormant for several decades by removing the obstacles, through ensuring effective and transparent administration.

Without going into details, I would like to ask a few questions to the Government. What steps have been taken by the Government for the revival of businesses as the present businesses in Jammu and Kashmir are not offered a handholding? What special schemes have been announced for the local entrepreneurs of Jammu and Kashmir? What steps have been taken by the Government to boost the demand in the MSME sector?

Jammu and Kashmir's industrial sector requires special packages but the Budget has no roadmap for the industrial sector in Jammu and Kashmir. The existing industry is turning sick in Jammu and Kashmir. There are no measures to tackle the problems of unemployment and inflation which will only increase inequality and leave the largest section of the population, including the unemployed youth, artisans, horticulturalists, transporters, vulnerable than ever.

The Government was expected to announce a waiver on the KCC loans for fruit growers, who are facing acute hardships. The Centre should have come up with a comprehensive economic package and should have given compensation to the orchardists and farmers. The local businesses and trade have reached a critical stage and demand a comprehensive revival package for the whole Union Territory especially, the Kashmir Division that suffered the most losses since August 5, 2019, when the Centre revoked the special Constitutional position given to Jammu and Kashmir. The KCCI recorded a loss of Rs. 18,000 crore in the wake of the internet blackout and security restrictions after August 5, 2019. The losses jumped up to Rs. 44,000 crore by the end of year 2020. Those losses were inflicted by a situation that was beyond the control of the traders.

It was followed by a series of lockdowns in the face of the pandemic. Exports have also dropped by 45 per cent. We expected the measures and schemes which would have fuelled exports and which would have helped in retaining about three lakh strong workforce working in Kashmir's handicraft sector. Till new investment comes to Kashmir -- which is

likely to take a few years --, a few measures should be taken by the Government in this regard.

Jammu and Kashmir currently requires handholding of young entrepreneurs, tax holiday, capital infusion, and amnesty on GST for filing returns. As the businesses, traders, and entrepreneurs have been badly hit by the lockdown imposed after the removal of Articles 370, the Government should have announced a financial package for Jammu and Kashmir to fuel its economic growth.

The Centre should put Jammu and Kashmir in a special category since no economic growth took place after August 5, 2019. Steps such as waiving off interest accumulated since August, 2019, interest subvention scheme, fresh capital on low rate of interest, GST holiday, moratorium of two years on fresh loans, reservation in tenders at all-India level to local entrepreneurs, are needed. Concrete steps are expected so that we can see the overall growth in business given the exponentially high unemployment rate, rising poverty, inflation, and failing businesses in Jammu and Kashmir.

With these few words, I conclude and support the Budget of the Union Territory of Jammu and Kashmir and at the same time, request the Government to take necessary steps for the overall development of Jammu and Kashmir.

**श्री असादुद्दीन ओवैसी** (**हैदराबाद**): स्पीकर सर, आपका बेहद शुक्रिया कि आज आपने मुझे बोलने का मौका दिया । मैं अपनी बात का आगाज़ करने से पहले एक शेर पढ़ना चाहूंगा, जिससे जम्मू-कश्मीर की आवाम की उनके जज्बात और उनकी तकलिफ़ की अकासी इस ऐवान में हो सकेगी ।

किसी शायर ने कहा है कि-

‘आज वो कश्मीर है महकूम-ओ-मज़बूर-ओ-फ़कीर,

कल जिसे ऐहले नज़र कहते थे ईरान-ए-सगीर,

सीनाए अफ़लाक से उठती है आह-ए-सोज़ नाक़,

मर्द-ए-हक़ होता है जब मरूब-ए-सुल्तान-ओ-अमीर,

कह रहा है दास्तान-बेदारी-ऐ-आयाम की,

कोह के दामन में वे ग़म ख़ान-ए-देहकान-ए-पीर ।’

किसी और जगह पर एक शायर ने अच्छा कहा है कि –

'घात में सय्याद पहलुओं में है खटकता तीर का,

एक पहलू यह भी है कश्मीर की तस्वीर का ।'

**18.00 hrs**

महोदय, मैं यहां पर यह बात साफ और वाज़ह तौर पर कहना चाहूंगा कि एक आरटीआई के जवाब में यह कहा गया कि 30 साल में 1,724 मिलिटेन्ट्स को हुकूमत और फौज ने मारा है या उनकी मौत हुई, जिसमें से सिर्फ 89 कश्मीरी पंडितों का कत्ल हुआ है ।

**HON. CHAIRPERSON** : Hon. Members, if the House agrees, the time of the House is extended up to the disposal of financial business relating to Jammu and Kashmir.

**SEVERAL HON. MEMBERS**: Yes Sir.

**श्री असादुद्दीन ओवैसी :** महोदय, हैरत की बात यह है कि कश्मीरी पंडितों के ताल्लुक से बड़े गम और आंसू बहाए जाते हैं । मगर हृदयनाथ वंचू के कत्ल के केस में 30 साल में एक ही आदमी को कोर्ट ने सजा दी और उसका विटनेस एक कश्मीरी मुसलमान था । मैं सरकार से मुतालबा करता हूं कि एक आजादाना कमीशन को फौरन बनाया जाए, ताकि सच्चाई और हकीकत सामने आ जाए । दूध का दूध और पानी का पानी हो जाए ।

हैरत और अफसोस इस बात का है कि मिलिटेन्ट्स के द्वारा 1,500 नॉन पंडित हिन्दुओं का भी कत्ल हुआ है । मगर उनके बारे में कोई आंसू नहीं बहाया जाता है, उनके बारे में कोई पिक्चर अपनी जेब गरम करने के लिए नहीं बनती है ।

